खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :21°C

देहरादून, मंगलवार 12 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 24 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




मंत्रिमंडल विस्तार का सकारात्मक असर आमजन के जीवन पर पड़े, तो बेहतर: माया पेज 2




अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज पेज 12

# टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं।'

टीएमसी ने दावा किया है कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। चुनाव आयोग अधिवक्ता डीएस नायडू ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मतदाता सूची संशोधन के दौरान वोट जोड़ने या हटाने के खिलाफ अपीलों के लिए ही चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मेरे एक उम्मीदवार 862 वोटों से हारे, जबकि दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,550 वोट हटा दिए गए थे। ऐसी 31 सीटें हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम था। हालांकि लिस्ट नहीं दी। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों, वोट हटाने आदि के बारे में जो भी कहना है, उसके लिए अलग अंतरिम आवेदन दाखिल करना होगा। चुनाव आयोग जो यह कह रहा है कि चुनाव याचिका ही उपाय है, वह अपनी जवाबी हलफनामे में यह बात रख सकता है।

**दीदी की दलील**

- यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा नई याचिकाएं लगाएं



### हाईकोर्ट में पेंडिंग जमानत अर्जियों पर शीर्ष कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट, राज्य सरकारें और जांच एजेंसियां मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार करें, जिससे जमानत मामलों का समय पर फैसला हो सके।

**जल्द सुनवाई के लिए आटोमैटिक लिस्टिंग सिस्टम बने, तय समय में हो फैसला**



# देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए है पीएम की अपील

## देश में सभी तरह के ईंधन व ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गई है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठाएं और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं जिससे कि देश पर निरंतर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है, जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाए हैं और घरेलू उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया हुआ है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी सफाई

### प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने पीएम मोदी के हालिया संबोधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को त्याग और बचत की सलाह देना सरकार की विफलता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि मोदी जी ने रविवार को जनता से त्याग मांगे, सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो और घर से काम करो। ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की स्थिति ऐसी हो गई है कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना है और क्या नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल दी जाती है ताकि सरकार खुद जवाबदेही से बच सके।

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत- बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे। चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसे 45 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना समेत केंद्र की सभी योजनाएं जल्द ही लागू होंगी। उज्ज्वला योजना से जुड़ी सभी लंबित याचिकाएं केंद्र के पास भेजी गई हैं।



- सुवेंदु सरकार का फैसला, नए आपराधिक कानून लागू होंगे, आयुष्मान पर भी काम शुरू

### सुवेंदु कैबिनेट के विभागों का बंटवारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया है। सोमवार को हुई इस अहम घोषणा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बंटवारे में दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल जैसे बड़े चेहरों को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, जिससे राज्य के विकास की रूपरेखा तय होगी।

**दिलीप घोष बने पंचायत मंत्री, अग्निमित्रा को भी अहम मंत्रालय**

## वैज्ञानिक देश के गौरव व स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं।

- पीएम ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया

### प्रियंका ने नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक की आशंकाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा शासन में पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है।

## आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में अदालत से बड़ी कानूनी राहत मिली है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मुकदमे में बाद में जोड़ी गई धाराओं में उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

हालांकि, इसके बावजूद आजम खां फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे, क्योंकि वह अन्य मामले में सजा काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह मामला जौहर यूनिवर्सिटी के आसपास स्थित शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में कलक्ट्रेट रिकॉर्ड रूम में तैनात सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में आरोप लगाया गया कि विभाजन के दौरान पाकिस्तान चले गए इमामुद्दीन कुरैशी की संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था, लेकिन बाद में कथित रूप से रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर अन्य नाम दर्ज कर दिए गए। मामले की जांच के दौरान रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों में छेड़छाड़ और कई पन्ने फटे मिलने की बात भी सामने आई।



- अदालत से बढ़ी हुई धाराओं में मिली जमानत

# एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगा जी राम जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम को सोमवार को अधिसूचित कर दिया है और इसे एक जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए सरकार ने सोमवार को विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी मनरेगा), 2005 उसी तिथि से निरस्त माना जाएगा। यह भारत के ग्रामीण विकास ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित (इंटीग्रेटेड), भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) आधारित ग्रामीण परिवर्तन के नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। यह बढ़ी हुई गारंटी आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने, ग्रामीण आय में वृद्धि करने तथा ग्राम स्तर पर सतत विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से लाई गई है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों को उनकी रोजगार मांग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा न होने की स्थिति में श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे। यह अधिनियम समयबद्ध और पारदर्शी मजदूरी भुगतान पर विशेष बल देता है। मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में किया जाता रहेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा मस्टर रोल बंद होने के पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो श्रमिक विलंब क्षतिपूर्ति (मुआवजा) पाने के पात्र होंगे। सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 95,692.31 करोड़ का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए बजट अनुमान चरण में अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। राज्यों के संभावित राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यह आवंटन ग्रामीण अवसंरचना विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा ग्रामीण आय में वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा।

**भारत -जी राम जी अधिनियम की अधिसूचना जारी**

### बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में तीन गिरफ्तार-

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्प शूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर देश में सबसे गर्म, पारा 46.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। रविवार को चारों राज्यों के 9 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान का बाड़मेर 46.8 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में तापमान 46.3डिग्री सेल्सियस और फलोदी में 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य प्रदेश के रतलाम में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल में 40.4 डिग्री सेल्सियस में 42 डिग्री सेल्सियस जैसी झुलसाने वाली गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 मई को तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, गुजरात के राजकोट में 44.3 डिग्री सेल्सियस और अमरेली में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के कारण हीटवेव चली।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद में 88 घंटे दौड़े सैनिक

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वायु सेना ने यहां 88 घंटे की ऑपरेशन सिंदूर यादगार दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ के माध्यम से भारतीय वायु सेना के 88 घंटों के सफल हवाई अभियानों की पहली वर्षगांठ मनाई गई, जिसने निर्णायक और सटीक हमले की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौड़ को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के समय 6 मई को देर रात एक बजकर पांच मिनट पर इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका समापन ऑपरेशन सिंदूर रोके जाने के समय 10 मई शाम पांच बजे एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली में हुआ।

### यूएई से भारतीयों की वापसी पर बात नहीं की : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मीडिया में आई इन खबरों का खंडन किया है जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एक समझौते पर विचार विमर्श का दावा किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने फैक्ट चैक हैंडल पर कहा है कि इस तरह की रिपोर्ट निराधार है और अभी भारतीय नागरिकों को यूएई से निकालने की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत और यूएई फुजैरा के रास्ते लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

### भारत-श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो आज भी दोनों देशों की मित्रता की मजबूत नींव बने हुए हैं। बिरला ने संसद भवन में सोमवार को श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** कोलकाता से जम्मू जा रही गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर एस-2 में एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार और सोमवार की रात करीब दो बजे जब ट्रेन वाराणसी जंक्शन पहुंची, तब शव को नीचे उतारकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बिहार के गया जिले के निवासी दिनेश शाह अपनी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ सीतापुर जा रहे थे। वे गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस-2 बोगी में यात्रा कर रहे थे, जबकि उनकी बहन और रिश्तेदार जनरल कंपार्टमेंट में सवार थे। रविवार रात करीब 1:30 बजे ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रवाना हुई थी। तभी बाथरूम के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिनेश शाह को गोली मार दी।

### दो दिन बाद तल्ख होंगे मौसम के तेवर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा सोमवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 11 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, पूर्वी यूपी में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश देखने को मिल सकती है।

# चुनाव खत्म होते ही याद आया 'संकट'

## बीजेपी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बोला तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को 'संकट' याद आ गया।

उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा ही है और केंद्र सरकार की हालिया अपीलें उसकी आर्थिक व नीतिगत विफलताओं को उजागर करती हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं, तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के हाथ से आर्थिक व्यवस्था की लगाम छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है



■ भाजपाई अपनी कमाई के स्वर्णीकरण में लगे

और रुपया कमजोर होता जा रहा है। यादव ने सोने की खरीद को लेकर सरकार की अपील पर भी कटाक्ष किया। जनता तो वैसे भी डेढ़ लाख तोले का सोना खरीदने की स्थिति में नहीं है, बल्कि भाजपा के लोग ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। इसकी जानकारी लखनऊ से लेकर गोरखपुर और अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक ली जा सकती है।

### सपा विस चुनाव को लेकर बदलेगी अपनी रणनीति

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों और चुनावी प्रक्रिया के विश्लेषण के बाद समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक रणनीति में बड़ा बदलाव का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार सपा अब राजनी. तिक सलाहकार कंपनियों की बजाय अपने पारंपरिक संगठन तथा जमीनी कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा करेगी। अब फोकस मतदाता सूची की निगरानी और बूथ स्तर की तैयारी पर रहेगा। चुनाव जीतने में केवल जनसभाएं और आंदोलन ही पर्याप्त नहीं हैं।

# सहारनपुर विवाद पर मायावती चिंतित, निष्पक्ष कार्रवाई हो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सहारनपुर जिले के लालवाला गांव में हुई हिंसा पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा, सहारनपुर के एक गांव में एक भूमि पर मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में संघर्ष में बदल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में दलित समाज के कई लोग घायल हुए हैं। बसपा अध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन से मामले में तत्काल तथा निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कप्ल प्रशासन को हालात पर पूरी तरह नियंत्रण रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने दोनों पक्षों से भी संयम बरतने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामले को ताकत के बजाय कानूनी तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में तनाव न बढ़े और शांति कायम रह सके। गौरतलब है कि



■ मामला ताकत की बजाय कानूनी तरीके से सुलझाएं

सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के लालवाला गांव में 9-10 मई को लगभग दो बीघा जमीन पर कब्जे और कथित तौर पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हिसक झड़प हुई।

पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना के बाद गांव में सुरक्षा बलों को तैनात कर निगरानी बढ़ा दी है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मंत्रिमंडल विस्तार का असर आमजन पर पड़े

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे। मंत्रियों की पहली जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सभी वर्गों को न्याय व सुरक्षा का एहसास कराना है। बसपा सुप्रीमो ने हाल ही में ब्राह्मण समाज से जुड़े भाजपा के नेता पर हमले का भी जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद प्रदेश में ब्राह्मण समाज की सुरक्षा को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद: योगी

# सनातन को मिटाने वाले मिट्टी में मिल गए

वाराणसी, वार्ता

सीएम योगी ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार होते देख रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका साकार रूप भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सुंदरीकरण और वहां आयोजित कार्यक्रमों के साथ ही काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, श्री अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण समेत अनेक सनातन परंपरा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों को अपने वैभव के साथ विकास



■ भारत की चेतना में बसता है सनातन और चेतना अजर-अमर है सोमनाथ देश की जड़ों को जोड़ने का प्रयास

की नई यात्रा पर आगे बढ़ते देख रहे हैं। योगी ने कहा कि इन सभी की प्रेरक शक्ति भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन करता हूं। आज का यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का एक शंखनाद है। उन्होंने कहा कि सनातन तो भारत की चेतना में बसता है और भारत की यह चेतना अजर-अमर है। इसी का शाश्वत शंखनाद हम सभी के सामने निरंतर गूंजता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, आज वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन हमें भारत की जड़ों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और अन्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मिट्टी में मिल चुके आक्रांताओं का नाम भी कोई लेने वाला नहीं है। लेकिन आज भी ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत के इस आत्मगौरव के प्रतीक, स्वाभिमान के प्रतीक इन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों को स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ते नहीं देखना चाहतीं।

### बीजेपी के जिलाध्यक्षों की बैठक आज

**लखनऊ।** यूपी में रविवार को योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट विस्तार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने 2027 का चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जिसके बाद अब पार्टी आगे की तैयारी में जुट गई हैं। बीज. पी 12 मई को यूपी बीजेपी जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई हैं। इस बैठक में प्रदेशभर के सभी 98 जिलाध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए गए है। इस बैठक का एजेंडा क्या होगा, इसे लेकर आज क्षेत्रीय अध्यक्ष बैठक करेंगे और आगे रणनीति तय करेंगे। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि सभी को इस बैठक में रहना आवश्यक होगा। खबरों के मुता. बिक इस बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए भविष्य की योजनाओं और अभियानों पर मंथन होगा और रणनीति तैयारी होगी। इसके अलावा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा भी की जा सकती है। यूपी जिला अध्यक्षों की बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी करेंगे। इस बैठक में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहेंगे। बंगाल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर है।

# मोदी सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर किया हमला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर पांच राज्यों के विस चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने कायरतापूर्ण तरीके से 8 और 9 मई 2026 को गजट अधिसूचनाओं के जरिए इन श्रमिक विरोधी कानूनों को लागू किया।

खड़गे ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि ये कानून करोड़ों मजदूरों के लिए हायर एंड फायर, रोजगार और यूनियन अधिकारों में कटौती का रास्ता खोलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी व्यापक चर्चा और श्रमिक संगठनों से सलाह-मशविरा किए इन कानूनों को लागू किया। उन्होंने



अब मनमाने तरीके से तय होगी मजदूरी

कहा कि 2015 के बाद से भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं बुलाया गया और ये श्रम संहिताएं केवल प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। वेतन संहिता, 2019 के तहत न्यूनतम मजदूरी तय करने के पुराने मानकों को खत्म कर दिया गया है, जिससे मजदूरी मनमाने तरीके से तय हो सकेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स 76015.28 | | सोना | 150277 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी 23815.85 | | चांदी | 255300 प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में गिरावट, सूचकांक एक महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 1,312.91 अंक लुढ़ककर 76,015.28 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 23,815.85 अंक पर रहा।

यह दोनों सूचकांकों का एक महीने से अधिक का निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयातित वस्तुओं का खरीद करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील के बाद बाजार में विदेशी मुद्रा भुगतान संबंधी चिंता स्पष्ट दिखी। सोना कम खरीदने की उनकी अपील से ज्वेलर्स कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। अनावश्यक विदेश यात्रा न करने की सलाह से विमान सेवा कंपनियों के शेयर भी साढ़े चार प्रतिशत टूट गए। कल्याण ज्वेलर्स का शेयर बीएसई में सबसे अधिक नौ



प्रतिशत लुढ़क गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में तनिष्का ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी टाइटन का शेयर सात प्रतिशत के करीब टूट गया। इंडिगो और भारतीय स्टेट बैंक में साढ़े चार प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना गिरकर 1.50 लाख पर , चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 801 रुपए गिरकर 1,50,277 पर आ गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 300 रुपए कम होकर 2,55,300 रुपए पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सालभर तक घर में कोई भी कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। क्योंकि ऐसा करने से विदेशी मुद्रा बचेगी। दरअसल हमें सोना डॉलर में दूसरे देशों से मंगवाना पड़ता है, डॉलर महंगा होने से इस पर खर्च बढ़ जाता है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# विदेशी मुद्रा बचाएं, हम पश्चिम एशिया संकट के बीच जीतेंगे: वैष्णव

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की प्रधानमंत्री की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए सोमवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया संकट के बीच विजेता बनकर उभरेगा।

श्री वैष्णव ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि आज दो देशों के बीच युद्ध का असर पूरी दुनिया और भारत झेल रहा ह, जिसमें हमारी कोई गलती नहीं है। इसका कारण यह है कि हम ऊर्जा के अपने बड़े हिस्से के लिए आयात पर निर्भर हैं। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में गत 28 फरवरी से जारी संकट के कारण कई देशों में ईंधनों की कीमत काफी बढ़ गई है लेकिन भारत ने उसे अबतक नियंत्रित रखा है। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने रविवार को लोगों से अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने, सोने की गैर-जरूरी खरीद न करने और ईंधन

■ भारतीय उद्योग परिसंघ के व्यापार सम्मेलन में बोले रेल मंत्री

■ दो देशों के युद्ध का असर पूरी दुनिया पर है, भारत का इसमें दोष नहीं

की बचत करने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक नागरिक के तौर पर हम हर उस खपत में कटौती कर सकते हैं जिसके लिए देश की विदेशी मुद्रा खर्च करनी होती है। साथ ही हम विदेश मुद्रा की कमाई बढ़ाने पर फोकस कर सकते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि चुनौती कितनी भी बड़ी हो भारतीय अर्थव्यवस्था छह-आठ प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी, मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहेगी क्योंकि हमारा विकास लंबे समय तक कायम रहने वाला विकास है, हम इस संकट के बीच विजेता बनकर उभरेंगे। उन्होंने उद्योग जगत से आशंकाओं को परे रखकर निवेश करने और भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने की अपील की।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# आईआईटी शोधकर्ताओं ने बूंदों को नियंत्रित करने की तकनीक खोजी

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु तथा जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूबेक के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर लेजर पल्स की सहायता से तरल बूंदों की दिशा, गति और विखंडन को सटीक रूप से नियंत्रित करने की नई तकनीक विकसित की है।

यह शोध प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुआ है। आईआईटी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह अध्ययन लेजर और पदार्थ के बीच होने वाली जटिल अंत: क्रियाओं को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शोध के परिणाम लक्षित दवा वितरण, इंकजेट प्रिंटिंग, लेजर

■ गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक

आधारित निर्माण तकनीक तथा बायोमेडिकल अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोल सकते हैं। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में प्रदर्शित किया कि सूक्ष्म तरल बूंदों को लेजर की सहायता से आगे, पीछे अथवा विभिन्न दिशाओं में नियंत्रित रूप से संचालित किया जा सकता है। इसके लिए बूंद की स्थिति को लेजर फोकस के अनुरूप समायोजित किया गया तथा लेजर पल्स की ऊर्जा को नियंत्रित किया गया। शोध टीम ने हाई-स्पीड इमेजिंग, ऑप्टिकल मॉडलिंग और मल्टीफेज न्यूमेरिकल सिम. ुलेशन का उपयोग करते हुए ष्प्लेसमेंट-एनर्जी मैप्सष विकसित किए हैं। ये मैप्स विभिन्न लेजर परिस्थितियों में बूंदों के व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम हैं।

# चुनाव खत्म, ज्ञान देने लगे पीएम मोदी

## पेट्रोल-डीजल का कम करने के लिए आप ने बोला हमला

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी ने देशभक्ति के नाम पर लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाने का तेल, गैस काम इस्तेमाल कम करने की सलाह देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही वह लोगों को पेट्रोल, डीजल, गैस, तेल का इस्तेमाल कम करने और सोना नहीं खरीदने का ज्ञान देने लगे हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि दो महीने से सरकार जनता का बोझ उठा रही थी लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है तो अब वे बोझ नहीं उठाएंगे। पांच राज्यों का चुनाव जब तक हो रहा था, तब तक उन्होंने जनता का बोझ उठा लिया। अब वह कह रहे हैं कि पेट्रोल, डीजल और गैस का



इस्तेमाल कम कीजिए। एक साल तक कोई भी शादी या समारोह हो तो सोना न खरीदिए और खाने के तेल का भी इस्तेमाल कम कीजिए। यह सारा ज्ञान चुनाव भर प्रधानमंत्री को याद नहीं आया। तब वह कह रहे थे कि कोई कमी नहीं है, पूरा भंडार भरा हुआ है और कोई समस्या नहीं है। लेकिन जैसे ही पांच राज्यों के चुनाव खत्म हुए, नरेन्द्र मोदी के कंधे झुक गए। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी ने व्यवसायिक सिलेंडर का दाम 993 रुपये बघ दिया, जिसे रेहघी वाले, चाय वाले और छोटी-छोटी दुकान वाले इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर का दाम भी 261 रुपये बघ दिया गया, जिसे छात्र, मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब लोग इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री लगातार जनता पर इस तरह से महंगाई का बोझ डालते जा रहे हैं। देश को सोचना होगा कि उसे कब होश आएगा और वह कब इन सवालों पर सरकार से जवाब मांगेगा? आप नेता ने कहा कि चुनाव भर जनता का इस्तेमाल किया जाता है। कभी उनके खाते में 10 हजार रुपये डाल दिए जाते हैं और उसके बाद पटना की सघ्कों पर नौजवानों को डंडों से पीटा जाता है। चुनावों में जनता से कहा जाता है कि न तेल की कमी है और न गैस की, लेकिन चुनाव खत्म होते ही गैस के दाम बघ दिए जाते हैं। जनता को सलाह दी जा रही है कि तेल का इस्तेमाल कम करें।

### शाह के साथ बैठक में राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाएंगे : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने, कामकाज के नियमों, आरक्षण से जुड़े मामलों और अन्य प्रशासनिक मुद्दे उठाएंगे। श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक ओर जहां राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा एक बार फिर उठाने की बात कही, वहीं दूसरी ओर उनके एजेंडे में शासन से जुड़े कई अन्य मामले भी शामिल हैं। अगर हमें किसी एक बैठक से ही राज्य का दर्जा मिल जाता, तो हमें यह बहुत पहले ही मिल गया होता। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। वह गृह मंत्री से प्रशासन के कामकाज के नियमों, महाधिवक्ता के पद से जुड़े मुद्दों और आरक्षण के मामले पर भी चर्चा करेंगे।

# फर्जी पुलिस अफसरों के गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिन्होंने कथित तौर पर यहां के पुलिसकर्मी बनकर राजस्थान के एक व्यक्ति से पैसे ठगे।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि विनय उर्फ मोंटी और कुलदीप सहित दो आरोपियों को एक नाबालिग के साथ हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है जबकि 33-50 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, एक बैग और अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की गई है। आरोपियों ने पीतमपुरा के पास शिकायतकर्ता को पुलिस अधिकारी होने का नाटक करते हुए रोका, बैग की जांच के बहाने उससे नकदी छीन ली और बाद में मोटरसाइकिल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि कई पुलिस

■ दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा

टीमों ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी निगरानी की, जिसके बाद हरियाणा के सोनीपत के गोहाना में आरोपियों का पता लगाया गया। राजस्थान का शिकायतकर्ता एक दोस्त के साथ अपने नियोक्ता की ओर से नकदी पहुंचाने दिल्ली आया था। वर्धमान प्लाजा बस स्टैंड के पास एक ऑटो से उतरने के बाद तरुण एन्क्लेव के पास गुजरते समय दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्हें रोका और उनसे पूछताछ करने के बाद उनका बैग छीन लिया।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बाद में पुलिस को बताया कि बैग में वास्तव में 50 लाख रुपये नकद थे।

# आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा ऑपरेशन सिंदूर: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं सेना के शौर्य के कारण आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। मुख्यमंत्री ने सेना के साहस और शौर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सेना के साहस, समर्पण और त्याग के कारण दुश्मन कभी भी भारत की ओर आँख उठाने की हिम्मत नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को दून सैनिक इंस्टीट्यूट, गढ़ी कैंट, देहरादून में ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य, सम्मान और वीरता का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा जब पूरा देश सो रहा था, तब सेनाओं ने 22 मिनट में पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की अत्याधुनिक वायु सुरक्षा प्रणाली ने भारत की ओर होने वाले हमलों को नाकाम कर दिया और एक भी मिसाइल भारतीय जमीन पर नहीं गिरने दी। भारतीय सेनाओं ने चार दिनों के भीतर अपने पराक्रम से पाकिस्तान को युद्धविराम के लिए भारत के सामने झुका दिया।





■ देहरादून में ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य, सम्मान और वीरता का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

### कहा, अब दुश्मनों की हर नापाक हरकत का जवाब देता है भारत

सीएम ने कहा कि यह नया भारत है, जो दुश्मनों की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सैनिकों के हितों में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। वन रैंक वन पेंशन योजना, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि, बॉर्डर पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने जैसे कई कार्य किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के प्रत्येक परिवार से कोई न कोई सदस्य सेना में होता है, इसलिए हमारा सेना और सैनिकों के साथ भावनात्मक लगाव है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ सेना को अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित किया जा रहा है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ कई अन्य देशों को भी रक्षा उपकरणों और संसाधनों का निर्यात कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में रक्षा सामग्री के निर्यात में 38 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। भारत दुनिया के 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण, हथियार और अन्य रक्षा सामग्रियां उपलब्ध करवा रहा है। इस अवसर पर सचिव सैनिक कल्याण युगल किशोर पंत, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मेजर जनरल शम्मी सभरवाल, मेजर जनरल डी अग्निहोत्री, मेजर जनरल पीएस राणा, उपनल के एमडी ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट, ब्रिगेडियर केजी बहल, सैनिक कल्याण निदेशक श्याम सिंह, मेजर जनरल गुलाब सिंह रावत, वाइस एडमिरल अनुराग थपलियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि में पाँच गुना तक की वृद्धि की है। पूर्व सैनिकों को विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेंशन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त एवं वार्षिक सम्मान राशि में बढ़ोतरी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने शहीद सैनिक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय लिया है, इसके साथ सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष किया है। राज्य में वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए सरकारी बसों में यात्रा की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। पूर्व सैनिकों हेतु 25 लाख रुपए मूल्य की स्थायी सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है।

### सिन्दूर भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक : जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य अभियान का नाम नहीं है, बल्कि यह भारत की उस अटल प्रतिज्ञा का प्रतीक है कि हमारी माताओं-बहनों के सम्मान, राष्ट्र की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सिन्दूर भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक है। जब इस अभियान का नाम ऑपरेशन सिन्दूर रखा गया, तब यह संदेश स्पष्ट था कि भारत अपनी मातृशक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए हर स्तर पर दृढ़ता से खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि नया भारत अन्याय को सहन नहीं करता, बल्कि उसका मुँहतोड़ जवाब देता है।

# नशा तस्करों पर दून पुलिस का 'वज्र प्रहार', 4 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' विजन को साकार करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के कड़े निर्देशों के बाद दून पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ ष्ऑपरेशन प्रहारष तेज कर दिया है। इसी क्रम में मीडिया सेल देहरादून द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 01 किलो 220 ग्राम अवैध गाँजा, 146.50 ग्राम अवैध चरस तथा 65 टैट्रा पैक अवैध देसी शराब बरामद की गई है।कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने चौकिंग के दौरान खाण्ड गाँव के पास से एक संदिग्ध स्कूटी को रोककर तलाशी ली। स्कूटी सवार अनिल नाथ, निवासी काले की ढाल, के पास से 01 किलो 220 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी मैस्ट्रो स्कूटी को सीज कर दिया है। पूछताछ में सामने आया कि अनिल नाथ एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध ऋषिकेश कोतवाली में चोरी और एनडीपीएस एक्ट के आधा दर्जन से अधिक (कुल 8) मामले पहले से दर्ज हैं। वह पहले भी कई बार जेल की हवा खा चुका है।

ऋषिकेश क्षेत्र में ही पुलिस टीमों ने दो अन्य स्थानों पर दबिश देकर शराब तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया। सदानन्द मार्ग मार्डन स्कूल के पास से सुमित कुमार को 35 टैट्रा पैक और वीरभद्र रोड से गणेश को 30 टैट्रा पैक अवैध देसी शराब के साथ दबोचा गया। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### क्लेमेंटाउन में चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

नशे के विरुद्ध जारी इस मुहिम में थाना क्लेमेंटाउन पुलिस ने भी महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शहीद गुरुंग स्मृति द्वार मोहब्बेवाला के पास से कृतार्थ छेत्री नामक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 146.50 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। 21 वर्षीय कृतार्थ बेल रोड मोहब्बेवाला का निवासी है, जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के सौदागरों को चिह्नित कर उनके खिलाफ अभियान जारी रखें, ताकि देवभूमि को पूरी तरह नशा मुक्त बनाया जा सके।

# ऊर्जा संसाधनों की बचत हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: धामी



■ मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पश्चिम एशिया में चल रहे विवाद के बीच गैस और अन्य ऊर्जा संसाधनों की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते भारत सरकार लगातार, इस बात पर जोर दे रही है कि ऊर्जा संसाधनों का सीमित इस्तेमाल किया जा जाए।

इसी बीच पीएम मोदी की ओर से तेलंगाना की एक रैली में दिए गए बयान के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रदेश की जनता से अपील की है। सीएम धामी ने कहा है कि राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए ऊर्जा संसाधनों की बचत हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से की गई अपील केवल आर्थिक बचत के लिए नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संकट के चलते विदेशी मुद्रा बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने एक साल के लिए सोने की खरीद और विदेश यात्रा स्थगित करने का आह्वान किया है। सीएम धामी ने कहा कि अगर हम सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अनावश्यक विदेश यात्रा को टालना, स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना, पेट्रोल डीजल की खपत कम करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करना, ऊर्जा की बचत करना, एक साल के लिए स्वर्ण आभूषणों की खरीद से बचना, खेती में रासायनिक उर्वरक की बजाय प्राकृतिक खाद का इस्तेमाल करना और खाद्य तेल का संयमित उपयोग करना जैसे छोटे छोटे संकल्प लें। देश की अर्थव्यवस्था में ये हमारा एक महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सीएम ने कहा कि देवभूमि के नागरिक हमेशा राष्ट्र हित में अग्रणी रहे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी सफल होगा जब हर नागरिक अपने स्तर पर योगदान देसीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य की जनता प्रधानमंत्री के आह्वान को जन आंदोलन का रूप देगी।

### प्रधानमंत्री मोदी दे चुके हैं सुझाव

हैदराबाद में तेलंगाना भाजपा की ओर से आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में संकट के बीच विदेशी मुद्रा संरक्षण के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का उपयोग करने, कारपूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने, पार्सल परिवहन के लिए रेलवे सेवाओं का उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया है।

# आपदा की स्थिति में तत्काल रिस्पांस करें सुनिश्चित : कौशिक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने कहा किसी भी आपदा की सूचना प्राप्त होते ही राहत एवं बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचें तथा बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किए जाएं।उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में रिस्पांस टाइम सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सभी विभागों को अपने रिस्पांस मैकेनिज्म को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के निर्देश दिए

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने सोमवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) में आगामी मानसून सीजन को लेकर राज्य स्तरीय तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। सभी जनपदों एवं रेखीय विभागों द्वारा मानसून अवधि में संभावित आपदाओं एवं आपात स्थितियों से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि मानसून अवधि उत्तराखण्ड के लिए अत्यंत संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण रहती है। प्रदेश में एक ओर जहां मानसून का सीजन प्रारम्भ होने वाला होता है, वहीं दूसरी ओर चारधाम यात्रा भी अपने चरम पर रहती है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता की गुंजाइश नहीं रहती। उन्होंने कहा कि सभी रेखीय विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं अन्य एजेंसियां पूर्ण समन्वय के साथ 24 × 7 अलर्ट मोड में कार्य करें। साथ ही कौशिक ने प्रदेशभर में नालों एवं नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून प्रारम्भ होने से पहले कम से कम दो बार नालों एवं नालियों की सफाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव एवं शहरी बाढ़ जैसी स्थितियों को रोका जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि संभावित जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपकरण जैसे हाई कैपेसिटी पम्प, मोटर बोट, लाइफ जैकेट, रेस्क्यू उपकरण एवं संचार संसाधन पूरी तरह कार्यशील अवस्था में उपलब्ध रहें।




■ आपदा प्रबंधन मंत्री ने की मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा ■ कहा, कम से कम दो बार हो जाए नालों-नालियों की सफाई

पुलिस, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ को विशेष रूप से सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार टीमों की पूर्व तैनाती की जाए तथा किसी भी स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, सचिव सी रविशंकर, सचिव रणवीर सिंह चौहान, सचिव आनंद स्वरूप, आईजी कुमाऊं ऋद्धिम अग्रवाल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, आईजी फायर सुनील मीणा, एससीईओ प्रशासन महावीर सिंह चौहान, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, यूकाडा के सीईओ आशीष चौहान, अपर सचिव अभिषेक रुहेला, अपर सचिव गृह तृप्ती भट्ट, संतोष बडोनी, अपर सचिव गरिमा रोंकली, सीसीएफ सुशांत पटनायक, डीजी हेल्थ डॉ. शिखा जंगपांगी, चीफ इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग दयानंद, वित्त नियंत्रक अभिषेक कुमार आनंद, निदेशक मौसम विभाग डॉ. सीएस तोमर, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### मानसून अवधि के लिए खाद्यान्न, राशन व आवश्यक वस्तुओं का रखें पर्याप्त भंडारण: रुहेला

उपाध्यक्ष, सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग विनय कुमार रुहेला ने कहा कि सभी जिलाधिकारियों द्वारा प्रत्येक जनपद में मानसून अवधि के लिए खाद्यान्न, राशन एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खाद्यान्न, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि आपदा अथवा मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में आमजन को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# खराब मौसम के चलते रुद्रप्रयाग में दो हेलीकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम यात्रा के बीच सोमवार को रुद्रप्रयाग जनपद में अचानक मौसम खराब होने से दो हेलीकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना के बाद कुछ देर के लिए क्षेत्र में हलचल का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों हेलीकॉप्टरों में सवार सभी यात्री और पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवा पांच बजे करीब एक हेलीकॉप्टर बद्रीनाथ से सेरसी की ओर उड़ान भर रहा था, जबकि दूसरा हेलीकॉप्टर देहरादून से फाटा जा रहा था। इसी दौरान गुप्तकाशी और ऊखीमठ क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदल ली। तेज बादल और खराब विजिबिलिटी को देखते हुए दोनों हेलीकॉप्टरों के पायलटों ने सतर्कता बरतते हुए अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई।



■ सवार सभी यात्री और पायलट पूरी तरही सुरक्षित

बताया गया कि दोनों हेलीकॉप्टरों में पायलट सहित कुल 10 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कुछ देर बाद मौसम सामान्य होने पर दोनों हेलीकॉप्टरों ने पुन: सुरक्षित उड़ान भर ली।

घटना ने एक बार फिर पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से बदलते मौसम की चुनौती को उजागर कर दिया है। चारधाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाएं मौसम पर अत्यधिक निर्भर रहती हैं और सुरक्षा मानकों को देखते हुए खराब मौसम में एहतियातन उड़ानों को रोका या डायवर्ट किया जाता है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण एहतियात के तौर पर दोनों हेलीकॉप्टरों की अगस्त्यमुनि खेल मैदान में लैंडिंग कराई गई थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं तथा मौसम साफ होने के बाद दोनों हेलीकॉप्टरों ने सुरक्षित टेकऑफ कर लिया।

### भाजपा ने किया पीएम की पेट्रोलियम पदार्थ, सोना चांदी बचत अपील का पुरजोर समर्थन

# राष्ट्रहित, आत्मनिर्भरता के एक-एक कदम से तय होगा विकसित भारत के मीलों का सफर: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पीएम मोदी द्वारा की गई पेट्रोलियम पदार्थों एवं सोना खरीदारी और विदेश यात्रा टालने की अपील का पुरजोर समर्थन किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कहा, राष्ट्रहित और आत्मनिर्भरता में देशवासियों के सहयोग का ये एक एक कदम, विकसित भारत के सफर में मीलों दूरी तय करने वाला साबित होगा। वहीं विपक्ष से इस मुद्दे पर नकारात्मक रुख त्यागने का आग्रह करते हुए कहा कि आपके पास भी मौका है, ऊर्जा एवं आर्थिक सुरक्षा की दिशा में देश के साथ चलने का।



■ कहा, देशभक्त उत्तराखंडवासी ऊर्जा एवं आर्थिक सुरक्षा की दिशा में पीएम के आग्रह का करेंगे अनुसारण ■ विपक्ष के पास भी ऊर्जा एवं आर्थिक सुरक्षा की दिशा में देश के साथ चलने का मौका

उन्होंने मीडिया को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिमी एशिया संकट के चलते पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, सोना-चांदी न खरीदने और विदेशी यात्राओं को टालने की अपील की है। जिसका भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से समर्थन करती है और अपेक्षा करते है कि सभी देशभक्त उत्तराखंडवासी पीएम के आग्रह का अनुसारण करेंगे।

पीएम की यह अपील वर्तमान खाड़ी युद्ध की परिस्थितियों में राष्ट्रहित और आत्मनिर्भरता की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा, राष्ट्रहित में त्याग की भावना से पीएम ने देश के हित में यह बड़ी अपील की है। जो न केवल उपदेश नहीं, बल्कि कठिन वैश्विक परिस्थितियों में एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान है। ये आग्रह, आत्मनिर्भरता भारत बनाने में भी एक सहायक कदम है क्योंकि ईंधन का कम उपयोग, मितव्ययता और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से भारत की विदेशी मुद्रा बचेगी और देश आत्मनिर्भर भी बनेगा। उन्होंने विपक्षी नेताओं से पीएम की अपील पर नकारात्मक रुख नहीं अपनाने का आग्रह किया है। साथ ही कहा कि देश को पीएम मोदी की नीति और नीयत पर पूरा भरोसा है।

# वैश्विक संकट के बीच जोशी ने दिया ईंधन बचत का संदेश, स्कूटी से पहुंचे कैंप कार्यालय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गढ़ी कैंट में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पश्चिमी एशिया में जारी युद्ध एवं वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल-डीजल की बचत का संदेश दिया।

कृषि मंत्री जोशी ने अपने शासकीय वाहन का उपयोग न करते हुए दो पहिया वाहन स्कूटी से अपने कैंप कार्यालय पहुंचकर आमजन को ईंधन संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह संसाधनों का संयमित उपयोग करे और अनावश्यक ईंधन खपत से बचे। कृषि मंत्री जोशी ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि छोटी दूरी के लिए यथासंभव दो पहिया वाहन, सार्वजनिक परिवहन अथवा साझा वाहन का उपयोग करें, जिससे पेट्रोल-डीजल की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय कार्यक्रमों एवं निकट दूरी के दौरों के लिए वह स्वयं भी अधिकतम दो पहिया वाहन का उपयोग करेंगे, ताकि आमजन के बीच ईंधन बचत और सादगी का सकारात्मक संदेश पहुंचे। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का जो संदेश दिया गया है, वह केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ियों के हित में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

■ कहा, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी, संसाधनों का संयमित उपयोग करें और अनावश्यक ईंधन खपत से बचें



# अवैध डंपिंग पर निर्माणदायी कंपनी पर 5.24 करोड़ का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के सुमाड़ी क्षेत्र में चल रहे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं और अवैध डंपिंग के मामले में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग पौड़ी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माणदायी कंपनी पर 5 करोड़ 24 लाख 44 हजार 800 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

विभाग ने कंपनी को एक सप्ताह के भीतर जुर्माना राशि भू-राजस्व में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। एनआईटी निर्माण कार्यों को लेकर पिछले कई दिनों से ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी। ग्रामीणों ने भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी के नेतृत्व में आंदोलन छेड़ रखा था। आंदोलनकारियों का आरोप था कि निर्माण कार्य में लगी कंपनी द्वारा गौचरान भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी और मलबा डंप किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही बिना अनुमति उपखनिज का अवैध भंडारण भी किया जा रहा था। डॉ. सुधीर जोशी ने बताया कि मामले की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों ने करीब 10 दिनों तक धरना-प्रदर्शन किया। कहा कि स्थानीय प्रशासन को शिकायत देने के 23 दिन बाद मामला भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग तक पहुंचा, जिसके बाद विभाग ने जांच कर कार्रवाई की। वहीं खान अधिकारी अनिल मुयाल ने पुष्टि करते हुए बताया कि अवैध डंपिंग के मामले में निर्माणदायी कंपनी को नोटिस जारी कर दिया गया है और निर्धारित समय सीमा के भीतर अर्थदंड जमा करने के निर्देश दिए हैं।

■ एनआईटी निर्माण कार्य में अनियमितताएं करने पर प्रशासन सख्त

# उत्तराखंड की बेटी महक का भारतीय सीनियर महिला रग्बी टीम में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के लिए गर्व का क्षण है। प्रदेश की प्रतिभाशाली रग्बी खिलाड़ी महक चौहान का चयन भारतीय सीनियर महिला रग्बी टीम में हुआ है। महक अब भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी 16 और 17 मई को ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली सेंट्रल एंड साउथ एशिया 7 एस रग्बी चौंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। उनके चयन से पूरे उत्तराखंड सहित उत्तरकाशी जनपद में खुशी और गर्व का माहौल है।

उत्तरकाशी की रहने वाली महक चौहान ने अपनी मेहनत, अनुशासन और शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। महक इससे पहले अंडर-18 एवं अंडर-20 भारतीय महिला रग्बी टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पहले भी उत्तराखंड का नाम रोशन किया था। अब सीनियर भारतीय टीम में चयन होने से उनकी उपलब्धियों में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है।

■ प्रदेश में खुशी की लहर

खेल विशेषज्ञों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद महक ने जिस संघर्ष व समर्पण के साथ अपनी पहचान बनाई है, वह प्रदेश के युवाओं विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। पहाड़ी क्षेत्रों से निकलकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना आसान नहीं होता, लेकिन महक ने अपनी प्रतिभा से यह साबित कर दिया कि मेहनत और जुनून के दम पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।उत्तराखंड रग्बी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी महक चौहान को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आयुष सैनी, सचिव यशवंत सिंह, अध्यक्ष सूर्यकांत सैनी तथा फिटनेस ट्रेनर आकाश सिंह ने महक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे उत्तराखंड रग्बी परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि महक आने वाले मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। महक की सफलता से प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। पूरे उत्तराखंड रग्बी परिवार ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# उच्छोला पहुंचा प्रशासन, जन संवाद में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** "सरकार जनता के द्वार" पहल के तहत विकासखंड जखोली की दूरस्थ ग्राम पंचायत उच्छोला में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम ग्रामीणों की समस्याओं और उम्मीदों का सशक्त मंच बनकर सामने आया। जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया।



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने आपदा के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़क, पैदल मार्ग और अन्य आधारभूत सुविधाओं के पुनर्निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष आई आपदा के बाद कई संपर्क मार्ग अब तक पूरी तरह बहाल नहीं हो पाए हैं, जिससे दैनिक जीवन और आवागमन प्रभावित हो रहा है। साथ ही कई प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिलने की बात भी सामने आई।

ग्रामीणों ने गांव में स्थापित मोबाइल टावर के बावजूद 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध न होने की समस्या भी उठाई। इसके अतिरिक्त लंबे समय से बाधित एलपीजी गैस आपूर्ति और गांव के ऊपर से अनियमित रूप से संचालित हो रही हेली सेवाओं को लेकर भी लोगों ने चिंता व्यक्त की।

ग्रामीण उदय लाल ने बताया कि आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त पेयजल योजना की मरम्मत का कार्य जल संस्थान द्वारा ग्रामीणों से कराया गया, लेकिन अब तक भुगतान नहीं किया गया है। वहीं ग्राम प्रधान चंडी कुमार ने मोटर मार्ग, पैदल पुल, घराट, सिंचाई नहरों, गौशालाओं और शौचालयों के पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी।

कार्यक्रम में रामी देवी ने अपने आवासीय भवन के पीछे लगातार हो रहे भूस्खलन से खतरे की जानकारी दी, जबकि अमर सिंह ने राजस्व उप निरीक्षक द्वारा आय अधिक दर्ज किए जाने के कारण पेंशन स्वीकृत न होने की शिकायत प्रशासन के सामने रखी। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर ने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को तत्काल भेजा जाएगा और उनके त्वरित निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके।

**■ आपदा प्रभावित सड़क, पेयजल, गैस आपूर्ति और पेंशन जैसे मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा**

उन्होंने कहा कि "सरकार जनता के द्वार" कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ाने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान चंडी कुमार, उद्यान पर्यवेक्षक कुंवर लाल डंगवाल, ग्राम विकास अधिकारी अजय भट्ट, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कुलदीप भंडारी, पशुपालन विभाग से विनीता देवी, अनुजा, महावीर चंद्र, रामचंद्र, प्रदीप सिंह, उदय लाल, अमर सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जवानों ने छात्रों को सिखाए आपदा से बचाव के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रुद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा मार्ग के संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण हिमालयी क्षेत्रों में लगातार राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी (एनडीआरएफ) और (एसडीआरएफ) की टीमों ने आपदा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम एवं पौधारोपण अभियान आयोजित किया।

कार्यक्रम का संचालन एनडीआरएफ यूनिट के कमांडेंट के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने विद्यार्थियों को आपदा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों और जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सीपीआर, एफबीएओ, बीएलएस, ब्लीडिंग कंट्रोल, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस सहित भूकंप, भूस्खलन और आकस्मिक बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लेते हुए आपदा प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

**■ पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

इसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या , शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देवदार, बुरांश, तेजपत्ता, टूना, आंवला, रोबानिया एवं रीठा सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं "हरित उत्तराखंड" का संदेश दिया गया।

# पुलिस की तत्परता से श्रद्धालुओं को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के चरम पर होने के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार मुस्तैदी से कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक पुलिसकर्मी जरूरतमंद यात्रियों की हरसंभव सहायता कर रहे हैं।

इसी क्रम में बिहार से आए श्रद्धालु आनंद कुमार की कतार में खड़े रहने के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस होने लगा। ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी मनोज मठपाल ने तत्परता दिखाते हुए श्रद्धालु को सहारा देकर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई।वहीं अहमदाबाद, गुजरात से 10 सदस्यीय दल के साथ यात्रा पर पहुंचे श्रद्धालु तुषार शाह ने बताया कि उत्तराखंड पुलिस न केवल दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए है, बल्कि टोकन व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं में भी यात्रियों की सहायता कर रही है। उन्होंने बताया कि उनके दल की एक महिला सदस्य की तबीयत खराब होने पर मुख्य आरक्षी मनोज मठपाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाकर मदद की।

**■ केदारनाथ यात्रा में मानवता की मिसाल बने जवान**

# पंचायतें मजबूत करने की मांग: जिपं सदस्यों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने और स्थानीय स्वशासन को मजबूती देने के लिए उत्तरकाशी के जिला पंचायत सदस्यों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कई अहम मांगें उठाई हैं।

सोमवार को जिला पंचायत प्रदेश संगठन के कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र कोहली की अगुवाई में अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में सबसे पहले "जिला पंचायत सदस्यों का सरकार को एक में जल्द कराने की मांग की गई है। सदस्यों का कहना है कि नियोजन समिति के चुनाव न होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही पंचायतों में आरक्षण परिवर्तन की अवधि 5 साल से बढ़ाकर 10 साल करने की मांग रखी गई है, ताकि नीतिगत स्थिरता बनी रहे।

73 वें संविधान संशोधन का हवाला देते हुए सदस्यों ने संविधान में सूचीबद्ध 29 विषयों को पंचायतों को पूरी तरह हस्तांतरित करने की मांग की है। उनका तर्क है कि जब तक पंचायतों को अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक जमीनी स्तर पर विकास संभव नहीं है। जिला पंचायत प्रदेश संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन करेगा। जरूरत पड़ी तो उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। संगठन का कहना है कि पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं, और जब तक पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार और संसाधन नहीं मिलेंगे, तब तक 'गांव का विकास' का सपना अधूरा रहेगा।ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह बिष्ट, सरिता देवी,सरस्वती नाथ, बुद्धि राणा,ज्योति राणा , बबिता रावत, जिला पंचायत प्रतीनिधि , सुभाष रावत ,भगत सिंह रावत आदि के हस्ताक्षर थे।

**■ सरकार को अल्टीमेटम: मांगें पूरी नहीं हुईं, तो किया जाएगा उग्र आंदोलन**

## मानदेय और कल्याण कोष की मांग

जिला पंचायत सदस्यों ने अपना मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। साथ ही विधायक निधि की तर्ज पर हर सदस्य के लिए 'जिला पंचायत निधि' बनाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। संगठन ने पंचायत कल्याण कोष की स्थापना का प्रस्ताव रखा है, जिससे किसी सदस्य के साथ अप्रिय घटना होने पर उसके परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा सके। जिला योजना के तहत कोटेशन से होने वाले कार्यों की सीमा भी ढाई लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की मांग की गई है।

# निष्ठा भाव से संगठन की मजबूती में जुटें युवा: बर्तवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर ।** जिला पंचायत कार्यालय गोपेश्वर में सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा चमोली की एक महत्वपूर्ण परिचय बैठक आयोजित की गई। भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज गैड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर गहन मंथन किया गया।

बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल बर्तवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए संगठन की रीति-नीति और सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है। बर्तवाल ने आगामी विषयों की चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण और निष्ठा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



**■ भाजयुमो चमोली की परिचय बैठक संपन्न**

बैठक में जिला प्रभारी युवा मोर्चा व जिला महामंत्री विनोद कनवासी, जिला महामंत्री अरुण मैठानी और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज रावत ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने युवाओं को सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

परिचय बैठक के दौरान भाजयुमो की श्युवा तरुणाईश के रूप में चमोली जनपद के कोने-कोने से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर गजपाल बर्तवाल जिला अध्यक्ष भाजपा,पंकज गैड़ी जिला अध्यक्ष भाजयुमो, विनोद कनवासी जिला प्रभारी युवा मोर्चा, अरुण मैठानी जिला महामंत्री,मनोज रावत जिला अध्यक्ष अ.ज.जा. मोर्चा, विपिन कंडारी, संजय कुमार, अजय भंडारी, राजेंद्र बिष्ट, कृष्ण सिंह, करण फर्स्वाण आदि मौजूद थे।

# छात्र महासंघ व छात्रसंघ के पदाधिकारी किए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पीजी कॉलेज कोटद्वार में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के छात्र महासंघ समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर छात्र महासंघ एवं छात्रसंघ के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि लैंसडौन के विधायक महंत दिलीप रावत ने किया। छात्र व समाज हित के लिए कार्य करना यह छात्रसंघ की संस्कृति होनी चाहिए। उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर विश्वनाथ खाली ने कहा कि एआई के जमाने में शिक्षा ग्रहण करना कोई बड़ी बात नहीं। नैतिक शिक्षा के बिना जीवन बेकार है। इसलिए शिक्षा के साथ ही नैतिक शिक्षा लेना भी अनिवार्य है। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री यशवंत पंवार ने कहा कि एबीवीपी ने हर जिले को विश्वविद्यालय में नेतृत्व करने का मौका दिया है। प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गायिका हेमा करांसी की गढ़वाली गीतों पर छात्र-छात्राएं जमकर झूमे। सह गायन में रेखा देवी, विजय रावत, परु राणा, नृत्य कलाकार में मोनिका, सोनिका वेदवाल, कशिश, मानवी, आशीष गुसांई, सुधांशु, रोहित, गौरव शामिल रहे।

**■ पीजी कॉलेज में हुआ श्रीदेव सुमन विवि के छात्र महासंघ समारोह का आयोजन**

## एक नजर .......

### महिला, बाल व साइबर अपराध के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**नई टिहरी।** एसएसपी श्वेता चौबे महिला व बाल अपराध, नशे और साइबर अपराध के विरुद्ध व्यापक जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली देवप्रयाग पुलिस की ओर से पतंजलि संस्थान, मूल्या गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम एवं बचाव, साइबर अपराध, महिला एवं बाल अपराधों के प्रति सजग रहने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं नशा मुक्ति से संबंधित टोल फ्री नंबर 1933 के बारे में भी अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को बैंक फ्रॉड, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की फ्रॉड कॉल अथवा ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की गई। इसके अलावा यातायात नियमों, उत्तराखण्ड पुलिस ऐप एवं गौरा शक्ति ऐप की उपयोगिता तथा विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपने मित्रों, परिजनों एवं ग्रामवासियों को भी इन महत्वपूर्ण जानकारियों से जागरूक करें तथा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को सजग बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रशांत बहुगुणा, वरिष्ठ उप निरीक्षक अरूण त्यागी, देवेंद्र कुमार, रजनीश शर्मा के अलावा शिक्षक मौजूद रहे।

### 'सबसे बड़ा ऑफर' कैंपेन किया लॉन्च

**देहरादून।** पीएनबी किचनमेट ने अपना नया कैंपेन 'सबसे बड़ा ऑफर' लॉन्च किया है। इस कैंपेन में कंपनी ने कहानी कहने के नए अंदाज में अपने अब तक के सबसे बड़े कंज्यूमर ऑफर की भव्यता को दिखाया है। इस कैंपेन में एक्टर और प्रोफेशनल रेसलर सुनील कुमार नजर आ रहे हैं। सुनील कुमार ने 2024 की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में मुख्य विलेन 'सरकटा' का किरदार निभाया था। इस कैंपेन को टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों के उपभोक्ताओं तक पहुंचने और हाई-वैल्यू एवं प्रैक्टिकल किचन सॉल्यूशन देने के पीएनबी किचनमेट के वादे को और मजबूती देने के लिए डिजाइन किया गया है। ऑरो पिक्सल एलएलपी ने इस कैंपेन का कॉन्सेप्ट तैयार किया है और हिमांशु बिष्ट ने इसका निर्देशन किया है। इस कैंपेन को पीएनबी किचनमेट के मार्केटिंग हेड, दक्ष जैन के साथ क्लोज को-ऑर्डिनेशन में विकसित किया गया है। इस कैंपेन को लेकर पीएनबी किचनमेट के डायरेक्टर राहुल बजाज ने कहा, 'पीएनबी किचनमेट में हमारा ध्यान लगातार ग्राहकों की बदलती जरूरतों के हिसाब से हाई-वैल्यू प्रोडक्ट देते हुए बाजार में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने पर है। 'सबसे बड़ा ऑफर' के साथ हमारा मकसद अपने ऑफर के स्केल एवं वैल्यू को बढ़ाना है, साथ ही अपनी विजिबिलिटी और ग्राहकों की भागीदारी को भी मजबूत करना है।

### राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण में तेजी, 20 मई को होगी निर्णायक बैठक

**उत्तरकाशी।** जनपद में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आंदोलनकारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए चिन्हीकरण प्रक्रिया पूरी गंभीरता से पूरी की जाए। जिन आवेदकों के अभिलेख अधूरे हैं, उन्हें 16 मई तक संबंधित तहसीलों में दोबारा आवेदन जमा करने का अवसर दिया गया है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों की गहन जांच कर 18 मई तक आंदोलनकारियों के साथ बैठक आयोजित करें और आवश्यक तथ्यों सहित अपनी रिपोर्ट समिति को सौंपें। इसके बाद 20 मई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुनः समिति बैठक होगी, जिसमें पात्र आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में दर्जाधारी राज्य मंत्री जगत सिंह, अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, शालिनी नेगी, सीएमओ डॉ. बीएस रावत समेत कई आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# पेंशनर्स की समस्याओं पर मंथन सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मानित

**पुरोला।** सेवा निवृत राजकीय पेंशनर्स संगठन यमुना घाटी की बैठक नगर पालिका सभागार पुरोला में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर्स से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन अध्यक्ष महिपाल सिंह असवाल ने कहा कि पेंशनर्स लंबे समय तक शासन-प्रशासन की सेवा देने के बाद सम्मानजनक जीवन के हकदार हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने पेंशन भुगतान में आ रही दिक्कतों, गोल्डन कार्ड से उपचार में होने वाली परेशानियों, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पेंशन पट्टा एवं महंगाई राहत जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान संगठन का आय-व्यय विवरण भी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पेंशनर्स ने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाते हुए समय-समय पर समस्याओं को शासन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह द्वारा इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं पर प्रशासन की कड़ी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा में इस वर्ष श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। बाबा केदार के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। यात्रा शुरू होने के महज 20 दिनों के भीतर ही श्रद्धालुओं की संख्या 4 लाख 60 हजार के पार पहुंच चुकी है, जिससे यात्रा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। आने वाले दिनों में यात्रा में और अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**■ सोनप्रयाग में शटल सेवा और लाइन प्रबंधन पूरी तरह व्यवस्थित**

ऐसे में जिला प्रशासन और पुलिस के सामने यात्रा को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है। यात्रा के प्रमुख पड़ाव सीतापुर और सोनप्रयाग में हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जा रही हैं। बाबा केदार के दर्शन की तीव्र आस्था के चलते भक्त घंटों इंतजार करने को भी तैयार हैं।

बीते रविवार को सोनप्रयाग से हजारों श्रद्धालुओं के एक साथ केदारनाथ रवाना होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि जिला प्रशासन और पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए भीड़ को नियंत्रित किया तथा चरणबद्ध तरीके से यात्रियों को आगे रवाना कराया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति को जल्द सामान्य कर लिया गया।

विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में डटा हुआ है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के संयुक्त नेतृत्व में यात्रा मार्ग के प्रत्येक प्रमुख पड़ाव पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग विकास पुण्डीर ने सोनप्रयाग क्षेत्र में संचालित यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा यात्रा प्रबंधन को लेकर निरंतर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।

# जनता मिलन कार्यक्रम में सुनी गई 32 शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रभारी जिलाधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने कुल 32 से अधिक शिकायतें और समस्याएं समक्ष रखीं।



**■ मानसून तैयारियों एवं जनसमस्याओं पर प्रभारी जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**

प्रभारी जिलाधिकारी ने जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए उपस्थित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए और साथ ही आगामी मानसून से निपटने के लिए तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील घनसाली, पट्टी ढुंगमन्दार, ग्राम स्यूरी (खबोगी) निवासी कलम सिंह द्वारा अवगत कराया है कि प्रार्थी की उक्त ग्राम में पैतृक सम्पत्ति स्थित है, जिसमें प्रार्थी पूर्व से ही कास्तकारी करता आ रहा है।

प्रार्थी के द्वारा अपनी भूमि पर दो कमरे, गौशाला बकरवाड़ा, कम्पोस्ट पिट, फूड गार्डन, एक दुकान का निर्माण कार्य किया जा रहा था, किन्तु वन विभाग द्वारा उक्त निर्माण को तोड़ने की शिकायत पर एसडीएम घनसाली को निरीक्षण कर दो दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विकास खण्ड चम्बा के ग्राम डोबरा मल्ला निवासी गंगाधर द्वारा उनके गांव में श्जल जीवन मिशन' के तहत पेयजल लाईन का निर्माण किया गया था तथा प्रार्थी के द्वारा अपने घर पर उक्त पेयजल लाईन से पेयजल कनेक्शन ले रखा है लेकिन प्रार्थी के घर पर पानी नही आ रहा है, जिस पर जल संस्थान को शीघ्र ही सम्बन्धित को पेय जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। तहसील जाखणीधार के ग्राम नवाकोट निवासी चण्डी प्रसाद रतूड़ी व प्रभाकर रतूड़ी द्वारा उनके निजी खेतों पर सहखातेधारक ने सौर उर्जा का प्लांट स्थिपित करने की शिकायत की, जिसपर तहसीलदार जाखणीधार को दो दिनो के भीतर निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

तहसील घनसाली पट्टी कोटी फैगूल ग्राम मोलनौ निवासी दशरथ सिंह द्वारा अवगत कराया कि लोक निर्माण विभाग बौराडी नई टिहरी द्वारा कुछ माह पहले आधीदृअधूरी सुरक्षा दीवार एवं क्रेट वायर लगाई गई है, जो की सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त नहीं है विभाग द्वारा 4.50 मीटर ऊंची और 28-30 मीटर लम्बी सुरक्षा दीवार लगवाई गई परंतु आंगन तक दीवार पूरी नहीं बनवाई गई एवं रास्ता भी अधूरा लगवाया गया है। जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, एसडीएम टिहरी कमलेश, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, सीएमओ डॉ श्याम विजय, डीडीओ मो. असलम, सांख्यिकी अधिकारी साक्षी शर्मा, आदि सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कार्तिक स्वामी मंदिर में बदहाल व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध एवं उत्तर भारत के एकमात्र कार्तिक स्वामी मंदिर के आसपास अव्यवस्थाओं का आलम लगातार गंभीर होता जा रहा है। मंदिर के बेस प्वाइंट और पैदल मार्ग पर फैली गंदगी, बदहाल शौचालय व्यवस्था और जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेरों ने श्रद्धालुओं व पर्यटकों की परेशानी बढ़ा दी है। विशेषकर महिला पर्यटकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णानंद डिमरी ने मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं सचिव से दूरभाष पर संपर्क कर व्यवस्थाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।

**■ बेस प्वाइंट पर गंदगी से श्रद्धालु और पर्यटक परेशान**

उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद समिति पदाधिकारियों की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस धार्मिक स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं, वहां स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं का अभाव बेहद चिंताजनक है।

पैदल मार्ग पर जगह-जगह फैली गंदगी न केवल मंदिर की छवि धूमिल कर रही है, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती जा रही है। मौजूद शौचालय अत्यंत गंदे और बदहाल स्थिति में हैं, जबकि पर्याप्त शौचालय सुविधा का भी अभाव है। कृष्णानंद डिमरी ने शासन-प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेने, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था करने तथा श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# विकासनगर में अवैध व्यवसायिक निर्माण पर एमडीडीए ने की सीलिंग की कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विकासनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील किया । प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत कैनाल बाईपास रोड, यमुना विहार, निकट गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल, विकासनगर में गुलशन द्वारा बिना स्वीकृति कराए किए जा रहे व्यवसायिक निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सीलिंग की कार्यवाही की गई।

**निर्धारित मानकों के विपरीत पाया गया निर्माण:** प्राधिकरण की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण का निरीक्षण किया गया, जिसमें निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत मानचित्र के विपरीत पाया गया। इसके बाद उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया गया।कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता शशांक सक्सेना, अवर अभियंता अमर पाल, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे। प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि आगे भी अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

■ यमुना विहार क्षेत्र में बिना स्वीकृति निर्माण सील, अभियान आगे भी रहेगा जारी



### अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: तिवारी

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जा रहे व्यवसायिक एवं आवासीय निर्माण न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि शहर की सुनियोजित विकास व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी निर्माणों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि भवन निर्माण प्रारम्भ करने से पहले प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृतियां अवश्य प्राप्त करें। श्री तिवारी ने कहा कि एमडीडीए का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि व्यवस्थित एवं सुरक्षित शहरी विकास सुनिश्चित करना है। आने वाले समय में भी अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रहेगा।

### बिना अनुमति निर्माण करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विकासनगर क्षेत्र में की गई सीलिंग कार्रवाई नियमानुसार की गई है तथा आगे भी बिना अनुमति निर्माण करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की टीम नियमित रूप से क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही है और जहां भी मानचित्र स्वीकृति के बिना निर्माण कार्य पाए जा रहे हैं, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से नियमों का पालन करने और वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की।

# 'ऋषि नारद सम्मान' से नवाजे गए पत्रकार

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी में पत्रकारिता के पुरोधाओं और कलम के सिपाहियों का बड़ा समागम हुआ। बुद्धिजीवी फाउंडेशन (भारत) की ओर से नारद जयंती के अवसर पर शहर के इंदर रोड स्थित प्रेक्षागृह में 'पत्रकारिता का स्वरूप' विषय पर एक विमर्श और वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक स्वर्गीय भव्य निधि शर्मा को उनकी 19वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दशकों से समाज को आईना दिखा रहे 16 वरिष्ठ पत्रकारों को 'ऋषि नारद पत्रकार सम्मान 2026' से नवाजा गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने अभिनंदन करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य निष्पक्ष, साहसी और जनहितैषी पत्रकारिता को सम्मानित करना और समाज के समक्ष वरिष्ठ पत्रकारों के लंबे समय से चले आ रहे योगदान को उजागर करना है। उन्होने कहा कि सच्ची पत्रकारिता ही देशभक्ति है।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं बल्कि लोकतंत्र का वह स्तंभ है जिसके बिना समाज दिशाहीन हो सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. आशुतोष सयाना, समरजीत सिंह, ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) के. जी. बहल, डॉ. माया राम उनियाल और प्रो. आई. पी. सक्सेना ने भी पत्रकारों के संघर्षों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संच. ालन संस्था के महासचिव हर्ष निधि शर्मा ने किया। समारोह में अग्रिमस निधि शर्मा, सागर पचौरी, आचार्य अनिल पांडेय और सुशील कान्ति जैसे प्रबुद्ध नागरिक भी मौजूद रहे



### इन पत्रकारों का हुआ सम्मान

देहरादून। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वर्गीय राजेंद्र जोशी को मरणोपरांत याद किया गया। उन्की पत्नी और बेटे को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 55 वर्षों से पत्रकारिता करने वाले मार्तण्ड पंडित रामेश्वर दत्त शर्मा और 47 साल की पत्रकारिता सेवा देने वाले निशीथ जोशी को मंच पर सम्मानित किया गया। 46 साल का अनुभव रखने वाले वी.के.शर्मा, 40 वर्ष से सक्रिय मनमोहन लखेड़ा और 36 साल की सेवा देने वाले गिरिधर शर्मा, सलीम सैफी (35 वर्ष) और 30-30 साल का अनुभव रखने वाले रमेश दत्त पालीवाल व जीत मणि पैन्यूली को भी उनकी निर्भीक रिपोर्टिंग के लिए सराहा गया। 20 से 25 साल के करियर वाले पत्रकारों में गजेंद्र सिंह नेगी, जे. उस्मानी, ललित उनियाल, फहीम तन्हा, अवधेश नौटियाल, मौहम्मद शाह नजर और राज पंडित को शॉल और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

# रात भर सड़कों पर रहा सख्त पहरा, 49 शराबी चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ पूरी रफ्तार से चल रहा ऑपरेशन प्रहार, नियम तोड़ने वालों में हड़कंप

**देहरादून।** राजधानी में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अराजक तत्वों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी के निर्देशन में चलाया जा रहा 'ऑपरेशन प्रहार' पूरी रफ्तार में है। रविवार की देर रात जनपद की पुलिस ने नगर से लेकर देहात तक सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिससे नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मचा रहा।

अभियान के दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने सीमाओं और आंतरिक मार्गों पर मोर्चा संभाला। रात के अंधेरे में बिना कारण घूम रहे 1048 व्यक्तियों से पूछताछ की गई। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर अराजकता फैलाने वाले 98 लोगों का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 30,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया और भविष्य के लिए सख्त चेतावनी दी गई।

यातायात नियमों को ताक पर रखने वालों के खिलाफ भी पुलिस बेहद सख्त नजर आई। चेकिंग के दौरान कुल 910 वाहनों की बारीकी से जांच की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 49 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। इसके अलावा रैश ड्राइविंग और नियमों के उल्लंघन पर 40 अन्य वाहनों को सीज किया गया, जबकि 23 वाहनों के चालान सीधे न्यायालय भेजे गए हैं।

पूरी कार्रवाई के दौरान एमवी एक्ट के तहत कुल 186 वाहनों का चालान कर 1,06,500 रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। एसएसपी देहरादून ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार स्थान बदल-बदल कर चेकिंग जारी रखें ताकि अपराधियों और हुड़दंगियों में पुलिस का खौफ बना रहे।

# उग्र हुआ नर्सिंग अभ्यर्थियों का आंदोलन, पानी की टंकी पर चढ़े युवा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

■ 157 दिनों से वर्षवार भर्ती की कर रहे मांग

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नर्सिंग अभ्यर्थियों का आंदोलन सोमवार को और उग्र हो गया। वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर पिछले 157 दिनों से धरने पर बैठे अभ्यर्थियों में से कुछ युवा सोमवार सुबह परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए, जबकि अन्य अभ्यर्थी नीचे धरने पर डटे रहे। दिनभर हुई बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर मौके पर जमे रहे।

धरना स्थल पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला भी सुबह से मौजूद रहीं और अभ्यर्थियों का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले 157 दिनों से वर्षवार भर्ती प्रक्रिया लागू करने, लंबित भर्तियों को जल्द पूरा करने और नर्सिंग युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि लगातार आश्वा. सन मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आंदोलन के 12 घंटे बीत जाने के बाद भी सरकार या प्रशासन का कोई जिम्मेदार प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा। इससे अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने सरकार पर संवे. दनहीनता और बेरोजगार युवाओं की उपेक्षा का आरोप लगाया। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। देर शाम तक प्रदर्शन जारी था।

# नर्सिंग बेरोजगारों के आंदोलन की आड़ में कांग्रेस कर रही राजनैतिक स्टंट: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ नर्सिंग बेरोजगारों को संयम की जरूरत, भाजपा ने दिया न्यायपूर्ण समाधान का भरोसा
■ सीएम धामी ने पारदर्शिता के साथ सर्वाधिक सरकारी रोजगार देकर बनाया कीर्तिमान

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने नर्सिंग बेरोजगारों से संयम का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार उनकी मांगों के प्रति गंभीर है और जल्दी ही उचित एवं न्यायपूर्ण समाधान किया जायेगा। उन्होंने आंदोलन की आड़ में कांग्रेस के विरोध को राजनैतिक स्टंट करार देते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी चौहान ने कहा कि जहाँ एक ओर राज्य सरकार युवाओं के हितों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है, वहीं कांग्रेस हताश होकर युवाओं को भड़काने और प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं उनकी सरकार युवाओं के प्रति संवे. दनशील है और प्रदेश के हर युवा की चिंता कर रही है। नर्सिंग भर्ती बेरोजगारों की मांगों को लेकर सरकार अत्यंत गंभीर है और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उन पर विचार कर रही है। सरकार का प्रयास है कि पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हों।उन्होंने आंदोलनकारी बेरोजगार युवाओं से धैर्य रखने और अनुचित एवं जोखिम वाले कदम उठाने से बचने का आग्रह भी किया है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस सुर्खियों में आने के लिए लगातार राजनैतिक स्टंट करती हैं। यहां भी पानी की टंकी पर चढ़ना यह दर्शाता है कि कांग्रेस के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है।

# बहू-बेटे की प्रताड़ना से टूटी विधवा मां को प्रशासन ने दिया सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ जनसुनवाई से नदारद नगर निगम समेत चार विभागों के अफसरों से जवाब तलब

**देहरादून।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जन समस्याओं का अंबार उमड़ पड़ा। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 201 शिकायतें दर्ज हुईं। प्रशासन ने अधिकांश मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि गंभीर प्रकरणों में संबंधित विभागों को समयबद्ध और विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सबसे मार्मिक दृश्य तब देखने को मिले जब कई बुजुर्गों ने अपनों द्वारा ही किए जा रहे उत्पीड़न की दास्तां सुनाई।

आमवाला निवासी 61 वर्षीय विधवा मुन्नी देवी ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनके सगे बहू-बेटे उनके साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल रहे हैं। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने एसडीएम को भरण-पोषण अधिनियम के तहत तत्काल वाद दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी तरह कैंसर से पीड़ित 80 वर्षीय बुजुर्ग किस्मत सिंह ने अपनी बेटी और दामाद पर धोखाधड़ी से मकान-जमीन हड़पने और मारपीट करने का आरोप लगाया। वहीं बीमार बुजुर्ग घनश्याम भण्डारी ने अपने बड़े बेटे पर दुकान कब्जाने की शिकायत की। इन दोनों ही मामलों में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को तत्काल कानूनी कार्रवाई कर बुजुर्गों को राहत दिलाने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में स्कूली बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। राजकीय प्राथमिक विद्यालय किद्द. ूवाला के भवन के मात्र तीन मीटर ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को छात्रों के लिए गंभीर खतरा मानते हुए यूपीसीएल को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही खाला क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झुके हुए बिजली के खंभों को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग और नगर निगम को निर्देशित किया गया। अतिक्रमण के मामलों में ग्राम माजरी में सिंचाई नहर बंद कर भूमि कब्जाने और सोरना-रुद्रपुर में सार्वजनिक मार्ग बाधित करने की शिकायतों पर एसडीएम को स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल अतिक्रमण हटाने को कहा गया।प्रशासन ने जनसुनवाई के प्रति संवेदनहीनता बरतने वाले अधिकारियों पर भी सख्ती दिखाई है। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले नगर निगम, पशुपालन, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम स्मृता परमार, विनोद कुमार, अपूर्वा सिंह, कुमकुम जोशी, अपर्णा ढौंडियाल और मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सांगठनिक जिलों में नियुक्त किए प्रभारी व सह-प्रभारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति और प्रदेश मोर्चा प्रभारी शैलेंद्र सिंह बिष्ट से परामर्श के बाद पार्टी के संगठनात्मक जिलों के प्रभारी व सह प्रभारियों की घोषणा की है। इनमें उत्तरकाशी जनपद में रचिता ठाकुर को जिला प्रभारी व मनीषा पंवार को जिला सह प्रभारी, चमोली में अमरदेई शाह प्रभारी, अनीता बुड़ाकोटी सह प्रभारी, रुद्रप्रयाग में पुष्पा पासवान प्रभारी , बबीता रावत सह प्रभारी, टिहरी में कविता शाह प्रभारी, विनीता रावत सह प्रभारी, देहरादून ग्रामीण प्रभारी , वंदना ठाकुर, सह प्रभारी पुष्पा बर्थवाल, देहरादून महानगर डॉ भावना डोभाल प्रभारी, , जानकी नौटियाल सह प्रभारी, ऋषिकेश डॉ नेहा शर्मा प्रभारी, इंद्रा आर्य सह प्रभारी, हरिद्वार कमली भट्ट प्रभारी, नगीना रानी सह प्रभारी, रुड़की रंजना चतुर्वेदी प्रभारी, और तनु तेवतिया सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### डॉ. भावना देहरादून महानगर जिले की प्रभारी बनाई

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा डॉ. भावना डोभाल को देहरादून महानगर जिला (महिला मोर्चा) का प्रभारी नियुक्त कर संगठन को नई ऊर्जा और सशक्त नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उनकी यह नियुक्ति संगठन में एक दूरदर्शी एवं प्रभावशाली निर्णय के रूप में देखी जा रही है। डॉ. भावना डोभाल का राजनीतिक एवं संगठनात्मक जीवन प्रारंभ से ही संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का परिचायक रहा है। उनका सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से शुरू हुआ, जहां वे राजकीय महाविद्यालय डोईवाला की प्रथम छात्रसंघ अध्यक्ष रहीं। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों तक उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

## चारधाम हेली यात्रा को मिला सुरक्षा कवच, खराब मौसम में भी हो रही रियल टाइम मॉनिटरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और हेली सेवाओं के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) आधुनिक तकनीक का सहारा ले रहा है। देहराद. ून के सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर खराब मौसम की चुनौतियों के बीच भी हेली सेवाओं पर पैनी नजर रखे हुए है। इस आधुनिक नियंत्रण केंद्र में नागर विमानन महानिद. ेशालय भारत मौसम विज्ञान विभाग और यूकाडा की एक संयुक्त टीम तैनात है, जो एयर ट्रैफिक कंट्रोल के साथ मिलकर हर गतिविधि का समन्वय कर रही है। हेली रूटों पर लगाए गए पीटीजेड कैमरों और ट्रैकिंग डिवाइस के माध्यम से प्रत्येक उड़ान की रियल टाइम निगरानी की जा रही है, जिससे आपात स्थिति में तत्काल कदम उठाए जा सकें। यूकाडा के सीईओ डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सहस्त्रधारा और सिरसी में ये विशेष केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# महाराज ने किया संगलाकोटी में मोटर मार्ग का शिलान्यास

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

■ ऐकेश्वर में राज्य योजना से 73 लाख की लागत से बना है तिलखोली मोटर मार्ग

**ऐकेश्वर (पौड़ी)।** चौबट्टाखाल विधायक और प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड ऐकेश्वर में राज्य योजना से 73 लाख 16 हजार की लागत से बनने वाले तिलखोली मोटर मार्ग के संगलाकोटी बैंड से संगलाकोटी गांव तक द्वितीय चरण स्टेज-सस के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

महाराज ने सोमवार को संगलाकोटी बैंड से संगलाकोटी गांव तक द्वितीय चरण स्टेज-सस के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि संगलाकोटी बैण्ड संगलाकोटी गांव के लिए 03 वर्ष पूर्व ग्राम सभा की मांग पर मोटर मार्ग के प्रथम चरण के कार्य को स्वीकृति दी गई गयी थी। दूसरे वर्ष

द्वितीय चरण स्टेज 1 का कार्य पूर्ण हुआ और अब तीसरे वर्ष में स्टेज-2 की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसमें स्कबर, नालियां, पुस्तों का कार्य पूर्ण होगा। महाराज ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए सतपुली रीठाखाल संगलाकोटी पोखड़ा मोटरमार्ग की स्थिति सुधारी गयी है। संगलाकोटी-भेड़गांव-बड़ेत तथा कोलाबिजोरा पानी के मध्य सड़क न बनने से जो समस्या थी उसको हमने हल किया और रिंगरोड का निर्माण कराया। संगलाकोटी बाजार से कमल. पुर इंटर कालेज तक मोटरमार्ग का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि आपदा से संगलाकोटी बाजार में जो समस्या थी नाली निर्माण, सड़क टाइल्स लगाना व मलबा हटाना उसको हमने पूर्ण किया है। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश नैथाण, जिला पंचायत सदस्य बलवंत सिंह, बूथ अध्यक्ष हरीश पोखरियाल, पूर्व प्रधान पार्वती देवी, मण्डल महामंत्री सुनील रावत, भाजपा युवा नेता सुयश रावत, बीडीसी सदस्य सुभाष जोशी, भगवान सिंह, शक्ति केन्द्र संयोजक अनिल, पोखड़ा भाजपा मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र, पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह, शोभा राम, उमेश पोखरियाल व सोवन सिंह आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने सीएम को भेजा पत्र, हर संभव सहायता का आश्वासन

**देहरादून।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कुंभ मेले के दृष्टिगत गंगा की स्वच्छता एवं अवि. रलता के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री पाटिल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस सम्बंध में किये गये अनुरोध के क्रम में सीएम को प्रेषित पत्र में यह जानकरी दी है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि कुंभ मेला-2027 के दौरान गंगा नदी की स्वछता एवं निर्मलता सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के गंगा नदी स्वच्छता संबंधित प्रस्ताव, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मल-कीचड उपचार संयंत्र, नदी की सतह एवं घाटों की सफाई तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य (रोगवाहक नियंत्रण एवं सुरक्षा) को नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव को तृतीय पक्ष मूल्यांकन हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, नई दिल्ली को एनएमसीजी के पत्र के क्रम में प्रेषित किया गया है। कहा है कि इस संबंध में तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वन अनुसंधान संस्थान में मनाया गया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस



■ पोस्टर व मॉडल पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादन।** वन अनुसंधान संस्थान में सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पोस्टर, मॉडल और अन्य सामग्री के माध्यम से वैज्ञानिक और तकनीकी जानकारी का सरल तरीके से लोगों तक पहुंच. ाना था।

संस्थान के सभी प्रभागों के प्रमुख, वैज्ञानिक और अधिकारी इस प्रदर्शनी में शामिल हुए और अपने हाल के कार्य और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन ऋचा मिश्रा, प्रभारी निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून ने किया । इस अवसर पर उन्होने प्रभाग प्रमुखों के साथ विभिन्न प्रभागों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उनके कार्य की सराहना करते हुए समाज के लाभ के लिए अपने शोध कार्यों को आगे बढाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण विशेष रूप से तैयार की गई लकडी की टाईल थी जो पानी से सुरक्षित और मजबूत है तथा पत्थर और धातु जैसी दिखती है।

## पीएम की अपील पर उत्तराखंड सरकार करे अमल: कांग्रेस

**देहरादून।** देश की जनता से पेट्रोल डीजल की खपत कम करने व वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर उत्तराखंड की सरकार को तत्काल अमल में लाने के आद. ेश जारी करने चाहिए।

यह मांग सदस्य एआईसीसी व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल आदेश जारी करते हुए प्रदेश के राज्यपाल, स्वयं अपने, राज्य के सभी मंत्रियों के गाड़ी के काफिले खत्म करते हुए केवल एक गाड़ी व एक सुरक्षा एस्कॉर्ट का प्रावधान करते हुए ऐसे ही राज्य के सभी अधिकारियों को केवल एक गाड़ी अनुमन्य करनी चाहिए जिससे प्रधानमंत्री की अपील का असर दिखाई दे । धस्माना ने कहा कि इससे जहां देश के पीएम का सामना बढ़ेगा वहीं उत्तराखंड देश का पहला राज्य हो जाएगा जहां ऐसा आदर्श कार्य किया आएगा।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरमाष :- 0135-2763808 फैक्स - 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 400 समय विस्तार सूचना-I दिनांक: 11/05/2026

अपरिहार्य कारणों से अधिशासी अभियन्ता (उ) द्वारा निविदा सं0 01ई/ईई(उ)/सीपीएच/ 2026-27 "छिबरो विद्युत गृह में कार्यालयो, कार्यस्थलों और समिति कक्ष के लिए फर्नीचर की आपूर्ति हेतू।" की तिथिया रि. टैंडर के द्वारा निम्नवत् विस्तारित की जाती है:-
वैबसाइट पर निविदा की जमा करने की तिथि : 16.05.2026 को 17:00 बजे तक।
हार्ड कॉपी जमा करने की अन्तिम तिथि : 18.05.2026 को 12:00 बजे।
वैबसाइट पर निविदा को खोलने की तिथि : 19.05.2026 को 12:00 बजे।
निविदा की अन्य सभी शर्ते एंव नियम यथावत् रहेंगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकरी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in से भी देखी जा सकती है।
अधि0अभि0(उ) छिबरो
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरमाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-395 निविदा सूचना दिनांक- 11/05/2026

कार्यालय अधि0 अभि0 (वि0 एवं यां0),मनेरी भाली-।।, जोशियाड़ा बैराज, उत्तरकाशी द्वारा अनुभवी फर्मो से निम्न कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है।
**1.निविदा सं0. 01/अधि0अभि0(वि0एवं यां0)/म0भा0-।।/बैराज/2026-27 एवं 02/अधि0अभि0(वि0एवं यां0)/म0भा0-।।/बैराज/2026-27**
**कार्य का नाम :** 1. मनेरी भाली परियोजना-द्वितीय चरण के अर्न्तगत जोशियाड़ा बैराज, उत्तरकाशी पर PLC, एवं SCADA प्रणाली की मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य।
2. मनेरी भाली परियोजना-द्वितीय चरण के अर्न्तगत जोशियाड़ा बैराज, उत्तरकाशी पर 100 KVA एवं 400 KVA डीजीसेट के मरम्मत एवं सर्विसिंग का कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत :**(1) रू0 8,04,800.00 मात्र (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
(2) रू0 03,82,195.00 मात्र (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि:** 12.05.2026
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 03.06.2026, 16:00 hrs
उक्तकार्यों के निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पूर्व योग्यता एव विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।
अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यां0)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरमाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-398 ई-निविदा विस्तार सूचना दिनांक- 11/05/2026

अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधि0अभि0 (अनुरक्षण), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) द्वारा आमंत्रित नि0 सं0
**10/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-।।/26-27, 11/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-।।/26-27, 12/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-।।/26-27**
1. धरासू विद्युत गृह पर 76 मे0वा0 टरबाइन की लोअरबुश हाउसिंग की आपुर्ति हेतु।
2. धरासू विद्युत गृह पर 76 मे0वा0 टरबाइन के गन मेटल बुश की आपुर्ति हेतु।
3. धरासू विद्युत गृह पर 76 मे0वा0 टरबाइन के टी0 जी0 बी0 स्पेयर्स की आपुर्ति हेतु।
के जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती है।
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** - 19.05.2026, 16:00 बजे तक
**निविदा खुलने की तिथि** - 22.05.2026 प्रातः 11:30 बजे
कृपया अर्हता एवं विवरण हेतु हमारी वैबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र हमारी वेबसाइट www.uttarakhandjalvidyut.com से ही डाउनलोड किए जा सकते हैं कृपया पात्रता एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट निरन्तर देखते रहें।
अधिशासी अभियन्ता
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नः U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्सः 0135-2763507 वैबसाइटः www.ujvnl.com

सं0 402 दिनांक 11.05.2026

निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सि0-अनु0) म0भा0-।। जोशियाड़ा उत्तरकाशी द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है-
**निविदा संख्याः 03**/अधि0अभि0(सि0-अनु0)/म0भा0-।।/जोशियाड़ा/2026-27
कार्य का नाम :मनेरी भाली द्वितीय चरण जोशियाड़ा कॉलोनी उत्तरकाशी के P-III, P-II, P-IV एवं अनावासीय भवनों के वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य।
**निविदा संख्याः 04**/अधि0अभि0(सि0-अनु0)/म0भा0-।।/जोशियाड़ा/2026-27
कार्य का नाम : मनेरी भाली द्वितीय चरण जोशियाड़ा कॉलोनी उत्तरकाशी के T-III,T-II, P-I एवं अनावासीय भवनों के वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य।
**अनुमानित लागतः** ₹18,01,281.37 एवं 18,00,595.72 क्रमशः (जी0एस0टी0 रहित)।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 13.05.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से।
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 03.06.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट "ujvnl.uk.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (सि0-अनु0) म0भा0-।। जोशियाड़ा
" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# कांग्रेस ने ज्वालापुर कोतवाली के सामने किया प्रदर्शन

## किशोरी की मौत के मामले में पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्वालापुर कोतवाली के सामने प्रदर्शन किया और सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के प्रति आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हरिद्वार में किशोरी की मौत शर्मसार करने वाली घटना है। इस मामले में लापरवाही और ढिलाई बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्यवाही की जाए। दोषियों के खिलाफ पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी एवं मनोज सैनी ने कहा कि पीड़ित परिवार के प्रति पुलिस का रवैया ठीक नहीं रहा। यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो उसकी जान बच सकती थी। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। लता जोशी, संजय सैनी, विकास चंद्रा ने कहा कि बालिकाओं के प्रति बढ़ रहे अपराध चिंताजनक हैं। पुलिस को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। हरिद्वार की नाबालिगा के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलायी जाए। एडवोकेट फुरकान अली, एससी प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की जांच को तेजी से पूरा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाए। जिससे कोई इस तरह का अपराध करने की सोच भी ना सके। प्रदर्शन करने वालों में मंजू गोस्वामी, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूनम भगत, रकित वालिया, कनखल ब्लॉक अध्यक्ष जतिन हांडा, सुभद्रा अग्रवाल, दीपिका गुप्ता, डा. मेहरबान खान, पूर्व पार्षद सुहैल कुरैशी, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव दिव्यांश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष यश शर्मा, युवा नेता सागर बेनीवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर सिंह मनवाल, कैलाश प्रधान, अक्षत सैनी, आशु भारद्वाज, राजू चित्कारा, धर्मराज सैनी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मृतक किशोरी के परिजन भी शामिल रहे।

# कुंभ मेला 2027 : रेलवे व मेला प्रशासन ने तेज की तैयारियां

## रेलवे एवं मेला प्रशासन की उच्चस्तरीय बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी हरिद्वार कुंभ मेला 2027 को लेकर रेलवे और मेला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को मेला नियंत्रण भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में भीड़ प्रबंधन, रेल संचालन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि हरिद्वार सहित आसपास के रेलवे स्टेशनों का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर संयुक्त कार्ययोजना लागू होगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेलाधिकारी सोनिका ने कहा कि हरिद्वार कुंभ शहर के केंद्र में आयोजित होने के कारण यहां भीड़ और ट्रैफिक प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया, बफर जोन, वैकल्पिक निकास मार्ग और एआई कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यवस्थाओं के जरिए श्रद्धालुओं की आवाजाही को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकता है। बैठक में उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल की मंडलीय रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने कहा कि कुंभ मेले के लिए रेलवे पूरी तरह तैयार है और मेला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए अलग से रेलवे मेलाधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि हरिद्वार और आसपास के 11 रेलवे स्टेशनों को कुंभ कार्ययोजना में शामिल किया गया है। सामान्य दिनों में चलने वाली 33 जोड़ी ट्रेनों के अलावा प्रमुख स्नान पर्वों पर लगभग 15 अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की प्रारंभिक योजना बनाई गई है। जरूरत पड़ने पर विशेष ट्रेनों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर एक स्थायी होल्डिंग एरिया सहित कुल पांच होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे, जिनकी क्षमता करीब 19 हजार श्रद्धालुओं की होगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि मेला नियंत्रण कक्ष में रेलवे की अलग समन्वय डेस्क स्थापित होगी, जबकि रेलवे कंट्रोल रूम में मेला प्रशासन की ओर से समन्वय अधिकारी तैनात किए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, आईजी (कुंभ) योगेंद्र सिंह रावत, एसएसपी (कुंभ) आयुष अग्रवाल, एडीआरएम प्रेम शंकर झा, रेलवे मेला अधिकारी चेतन तनेजा, एसपी (ट्रैफिक) निशा यादव, एसपी (जीआरपी) अरुणा भारती, अपर मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती, अपर पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार, सीओ बिपेंद्र कुमार एवं अनुज, उप मेला अधिकारी मनजीत सिंह सहित रेलवे, पुलिस विभाग, प्रशासन एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबर

### फेसबुक दोस्ती के जाल में फंसाकर युवक से पांच लाख की ठगी

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के जरिए ऑनलाइन बिजनेस में मोटे मुनाफे का लालच देकर युवक से करीब पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घासमंडी वाल्मीकि बस्ती निवासी रघुवीर सिंह ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि अगस्त 2024 में फेसबुक पर सिमरन ठाकुर नाम की युवती से उनकी दोस्ती हुई थी। बातचीत बढ़ने पर युवती ने ऑनलाइन बिजनेस में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोप है कि सितंबर 2024 से लेकर चार अगस्त 2025 तक रघुवीर सिंह ने अलग-अलग किश्तों में कुल 4 लाख 99 हजार 400 रुपये आरोपी के खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में शक होने पर वह पिथौरागढ़ पहुंचे, जहां पता चला कि व्हाट्सएप डीपी पर लगी युवती की फोटो किसी दूसरी लड़की की थी, जिसका इस मामले से कोई संबंध नहीं था। पीड़ित का आरोप है कि बाद में आरोपी ने दूसरे नंबर से संपर्क कर दोबारा पैसों की मांग शुरू कर दी। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने जल्द रकम लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में मोबाइल नंबर बंद कर लिया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### महिलाओं की ऋण किश्तें हड़पने वाला एजेंट फरार, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में महिलाओं को सूक्ष्म ऋण उपलब्ध कराने वाली माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एक एजेंट द्वारा ग्राहकों से वसूली गई किश्तों की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। ऑडिट जांच में लाखों रुपये की अनियमितता उजागर होने के बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सैटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार उपाध्याय ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बिहार के मधेपुरा निवासी विवेक कुमार कंपनी में अभिकर्ता के पद पर कार्यरत था। उसका काम ग्राहकों से ऋण की किश्तें वसूलना था। ऑडिट जांच में सामने आया कि आरोपी ने अगस्त 2025 से नवंबर 2025 के बीच 85 से अधिक ग्राहकों से वसूली गई रकम कंपनी में जमा नहीं कराई। जांच में करीब 2 लाख 21 हजार रुपये के गबन की पुष्टि हुई। आरोप है कि गड़बड़ी छिपाने के लिए आरोपी कई ग्राहकों के लोन कार्ड और पासबुक भी अपने पास रखे रहा। कंपनी अधिकारियों ने संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपी का मोबाइल बंद मिला। ऑडिट के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### 5 हजार का इनामी दुराचार आरोपी गिरफ्तार

**बहादराबाद।** नाबालिग से दुराचार के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। प्रभारी निरीक्षक बहादराबाद अमरजीत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को आरोपी अजीम पुत्र मुस्तकीम, निवासी ग्राम शान्तरशाह, बहादराबाद को पतंजलि अंडरपास शान्तरशाह क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक उमेश कुमार, उपनिरीक्षक ज्योति नेगी, कां. अंकित कुमार, कां. नितुल यादव तथा होमगार्ड प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# शिव आराधना से दूर होते हैं समस्त कष्ट : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि महादेव शिव की आराधना से असंभव भी सहज ही संभव हो जाता है। भगवान शिव की कृपा के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं करने पड़ते। केवल स्मरण मात्र से ही शिव प्रकट होकर अपने भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण कर देते हैं। शिव आराधना से बड़े से बड़े कष्ट और संकट भी दूर हो जाते हैं और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित विशेष धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि समस्त सृष्टि देवों के देव महादेव भगवान शिव से उत्पन्न होती है और उनमें ही समाहित हो जाती है। संसार के कल्याण के लिए हलाहल विष को कंठ में धारण करने वाले भगवान शिव भक्तों का हमेशा कल्याण करते हैं। भगवान की शिव की कृपा पात्र करना बेहद सरल है। प्रतिदिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से ही महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। महादेव की आराधना से अन्य देवी देवताओं का आशीर्वाद और कृपा भी साधक को प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि शिव कृपा के प्रभाव से सभी बिगड़े काम संवर जाते हैं। प्रत्येक कार्य सफल होता है। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भगवान शिव की आराधना अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर स्वामी अर्वतिकानंद ब्रह्मचारी, बालमुकुंदानंद ब्रह्मचारी, आचार्य पवनदत्त मिश्र सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। स्वामी अर्वतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि विश्व शांति हेतु श्री दक्षिण काली मंदिर में 5 से 30 मई तक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

# केयर कॉलेज में छात्रों का हंगामा, भविष्य से खिलवाड़ का आरोप

## सुबह से शाम तक नहीं निकला समाधान, गर्मी में परेशान रहे छात्र

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** क्षेत्र के रोहालकी किशनपुर स्थित एक निजी नर्सिंग कॉलेज में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई। जब जीएनएम और बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन पर उनके भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह से शुरू हुआ प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा, लेकिन छात्रों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने दाखिले के समय इंडियन नर्सिंग काउंसिल (INC) से मान्यता प्राप्त होने का दावा किया था और इसी आधार पर उनसे एक वर्ष से लेकर छह माह तक की फीस अग्रिम जमा कराई गई। लेकिन अब सत्र पूरा होने के बाद कोर्स को कथित रूप से INC से मान्यता प्राप्त न होने की जानकारी सामने आने पर छात्रों में भारी रोष व्याप्त है।

छात्रों का कहना है कि उन्होंने मान्यता संबंधी दस्तावेज देखने के बाद ही कॉलेज में प्रवेश लिया था, लेकिन अब उनका एक साल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गया है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि यदि समय रहते उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

बताया जा रहा है कि पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड समेत कई राज्यों से छात्र यहां किराये के कमरों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में फीस, रहने और अन्य खर्चों के बीच अचानक खड़े हुए इस विवाद ने छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा दी है। गर्मी के बीच दिनभर प्रदर्शन करने के कारण कई छात्र परेशान नजर आए। वहीं, कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों के आरोपों को निराधार बताते हुए किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी देने से इनकार किया है। प्रबंधन का कहना है कि छात्रों को गलत फहमी हुई है और मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल, देर शाम तक विवाद का कोई समाधान नहीं निकल पाया था।

# जमालपुर कलां की कॉलोनियों में जल्द बिछेगी सीवर लाइन : यतीश्वरानंद

## जल निगम की परियोजना प्रबंधक अधीशासी अभियंता मीनाक्षी मित्तल ने डीपीआर तैयार कराकर जल्द काम शुरू कराने का दिया आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पथरी। हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के प्रयास से जमालपुर कलां क्षेत्र की कॉलोनियों में भी जल्द सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू होने की संभावना है। उन्होंने धरने पर बैठे स्थानीय लोगों के बीच पहुंचकर जल निगम की परियोजना प्रबंधक एवं अधीशासी अभियंता मीनाक्षी मित्तल को मौके पर बुलाया। अधीशासी अभियंता ने वंचित कॉलोनियों का सर्वे कराकर डीपीआर तैयार करने और शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।




जगजीतपुर नगर निगम क्षेत्र में फिलहाल सीवर लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। मुख्य लाइन को जमालपुर कलां की सड़क से होते हुए लक्सर रोड के जरिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जा रहा है, लेकिन क्षेत्र की कई कॉलोनियों में सीवर लाइन न बिछाए जाने से स्थानीय लोगों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। धरने के दूसरे दिन स्वामी यतीश्वरानंद ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता की और जनता की समस्या उठाई। स्वामी यतीश्वरानंद ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनके आग्रह पर शीर्ष अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे चुके हैं और जल्द ही वंचित कॉलोनियों में भी कार्य शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने जमालपुर कलां में दो स्थानों पर चल रहे धरना प्रदर्शनों को भी समाप्त कराया।

इस दौरान पंकज गुर्जर, हुकम सिंह, दीप कुमार अग्रवाल, विकास पोखरियाल, अशोक चौधरी, मदन मोहन पोखरियाल, सुरेश जोशी, छोटे लाल, हरीश चंद्र मैंदौलिया, प्रकाश पंडित, अरविन्द थपलियाल, वेदप्रकाश, नीरज चौधरी, विजेंद्र रावत, कमला देवी, मालती भारद्वाज, विमला देवी, इन्दु देवी, एडवोकेट निशा धीमान, पूनम एडवोकेट, कुसुम मैंदौलिया, प्रवेश देवी, रूमा देवी और शोभा देवी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# आशिहारा के खिलाड़ियों ने हासिल किए 4 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्टेट ग्रेपलिंग चौंपियनशिप में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आशिहारा मिक्स मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीते। आशिहारा के स्टेट चीफ अमित कुमार चौधरी ने बताया कि 10 मई को ऋषिकेश में आयोजित स्टेट ग्रेपलिंग चौंपियनशिप में हरिद्वार, देहरादून, ऋषिकेश, श्रीनगर, रूद्रपुर आदि जिलों के करीब 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। चौंपियनशिप में आशिहारा के 6 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें अद्विक आदित्य प्रकाश, अर्ना गुप्ता, समृद्धि चौहान, समृद्धि शर्मा ने गोल्ड और लक्ष्य वर्धन तथा अविका शर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर हरिद्वार का नाम रोशन किया। अमित कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आशिहारा के खिलाड़ी सभी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से ही खिलाड़ी महान बनता है। सभी खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं को देखते हुए अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

# पुलिस ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों ने शंकराचार्य चौक पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए और सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की हिदायत दी। इस दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन में जब्त किये गये रेट्रो साइलेन्सर व प्रेशर हार्न को रोड़ रोलर चलाकर नष्ट कर आमजन को रेट्रो साइलेन्सर व प्रेशन हॉर्न का प्रयाग ना करने का संदेश दिया। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने हेतु आवंटित 7 मोडिफाइट मोटर साइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिससे किसी भी सूचना पर पुलिस तत्काल कार्यवाही कर सके। एसएसपी ने आम जनता से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील भी कीं इस अवसर पर एसपी क्राइम रेखा यादव, सीओ ट्रैफिक, एसएचओ कनखल आदि पुलिस अधिकारी एंव कर्मचारी मौजूद रहे।

# हरिद्वार गोल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डा. हरिराम आर्य इंटर कालेज मैदान पर हरिद्वार गोल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूथ कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अंकुर सैनी के संयोजन में डिस्ट्रिक्ट स्पोर्टस एकेडमी के सहयोग से आयोजित की गयी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में कई टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अंकुर सैनी एवं डा.हरिराम आर्य इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अरविंद शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में रोजलॉयंस स्पोर्टस एकेडमी ने प्रथम व सूर्या क्लब रायसी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गुरूप्रस्थ एकेडमी ने प्रथम व रोजलॉयंस एकेडमी बादशाहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद शर्मा एवं अंकुर सैनी ने विजेता टीमों को ट्राफी और पुरूस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता संपन्न कराने में राधिका कुशवाहा, प्रवीण तोमर, गुलाब सिंह, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अकादमी एवं विद्यालय परिवार ने सहयोग दिया। इस अवसर पर हिमांशु बहुगुणा, जगदीप असवाल, हरद्वारी लाल, विशाल प्रधान, विवेक जागरिया, यश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्टोर ऑडिट में लाखों की गड़बड़ी, मैनेजर पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र की न्यू हरिद्वार कॉलोनी स्थित मोची स्टोर में ऑडिट के दौरान लाखों रुपये के स्टॉक में गड़बड़ी सामने आने से हड़कंप मच गया। कंपनी की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने स्टोर मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेट्रो ब्रांड लिमिटेड के प्रतिनिधि दिलीप कुमार की ओर से अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि नैनीताल जिले के ललितपुर निवासी अंकित मलिक स्टोर में सेलिंग एजेंट के पद पर कार्यरत था और उसे स्टोर मैनेजर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। स्टोर का स्टॉक, सामान का रखरखाव और संचालन उसी के जिम्मे था। बताया गया कि नौ मार्च 2025 को स्टोर का नियमित ऑडिट कराया गया। जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर मिला। रिकॉर्ड के अनुसार 86 लाख से अधिक कीमत का 3987 यूनिट स्टॉक होना चाहिए था, जबकि मौके पर करीब 81 लाख रुपये कीमत का 3785 यूनिट स्टॉक मिला। ऑडिट में 202 यूनिट सामान कम पाया गया, जिसकी कीमत करीब 4.39 लाख रुपये बताई गई। नकदी में भी कमी सामने आई। कंपनी का आरोप है कि पूछताछ में आरोपी ने लिखित रूप से गलती स्वीकार करते हुए रकम लौटाने का भरोसा दिया था, लेकिन बाद में पैसे वापस नहीं किए। पुलिस में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर कंपनी को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### नकली सोना बेचने व गहने हड़पने का आरोप, ज्वैलर्स संचालक पर मुकदमा

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में नकली सोने के आभूषण बेचने और बाद में उन्हें बदलने के नाम पर ग्राहक के गहने हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ज्वैलर्स संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दादूपुर गोविंदपुर निवासी तोफीक अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने वर्ष 2020 और 2022 में पथरी पावर हाउस स्थित तृप्ति ज्वैलर्स से करीब 12 तोले सोने के आभूषण खरीदे थे। आरोप है कि वर्ष 2024 में बैंक से लोन लेने के दौरान जांच में पता चला कि आभूषण नकली हैं। इसके बाद उन्होंने ज्वैलर्स संचालक अजय वर्मा से संपर्क किया। आरोप है कि संचालक ने करीब 68.67 ग्राम गहने बदलकर देने की बात कहकर अपने पास रख लिए और बाद में बाकी सोना लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन न तो नए गहने दिए और न ही कीमत वापस की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पहले नकली आभूषण बेचकर धोखाधड़ी की गई और बाद में असली गहने बदलने के नाम पर भी हड़प लिए गए। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षा दान और मदर डे कार्यक्रम में बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सेवा और संस्कार को समर्पित वसुधैव कुटुम्बकम् फाउंडेशन द्वारा 'शिक्षा दान-महादान' एवं 'मातृशक्ति को नमन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 33 जरूरतमंद एवं वंचित बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर बच्चों के साथ मदर डे भी मनाया गया। बच्चों ने फाउंडेशन की माताओं के साथ केक काटकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, किताबें व अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। फाउंडेशन की अध्यक्ष रेनू अरोड़ा ने कहा कि एक शिक्षित बच्चा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है और संस्था का उद्देश्य आर्थिक तंगी को बच्चों की शिक्षा में बाधा नहीं बनने देना है। संस्था की उपाध्यक्ष प्रीति आहूजा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार देना भी समाज का दायित्व है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति जो कि एक दुकान प्रथम तल पर जो आपस में मिले हुए हैं जिनका कुल क्षेत्रफल 49.48 वर्गमीटर है जो स्थित रेलवे रोड ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक पिछला/ पुराना असल विक्रय पत्र जो कि उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित दिनांकित 28/12/1994 को पंजीकृत है जिसका बही नं 1 जिल्द 894, पृष्ठ 847 से 868, दस्तावेज नंबर 3993/3994 है। यह असल विक्रय पत्र वाास्तव में कहीं खो गया है। इस संबंध में पुलिस में गुमशुदगी दर्ज की गयी है। इस असल विक्रय पत्र को किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक इत्यादि में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही इसका कोई दुरूपयोग किया गया है। सन्नी कपूर पुत्र श्री सुमन कपूर, निवासी कृष्णा नगर कनखल, तहसील व जिला हरिद्वार।

# दुस्साहस : रिवर ड्रेजिंग के नाम पर पोकलैंड से गंगा का सीना छलनी!

## जहां अनुमति, वहां काम नहीं, कई सौ मीटर दूर गंगा की सक्रिय धारा में खनन

### रामपुर रायघटी में एनजीटी नियमों को दरकिनार कर भारी मशीनों से गंगा नदी की बहती धारा में खुलेआम अवैध खनन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनपद के ग्राम मौजा रामपुर रायघटी क्षेत्र में गंगा नदी की बहती धारा में खुलेआम अवैध खनन ने प्रशासन और खनन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि रिवर ड्रेजिंग पट्टे की आड़ में गंगा की सक्रिय धारा (एक्टिव चैनल) में दिनदहाड़े भारी मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार ऐसी गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। सूत्रों के मुताबिक जिस स्थान के लिए अनुमति दी गई है, वहां कार्य न कर कई सौ मीटर दूर गंगा की बहती धारा के बीच तहसील लक्सर के मौजा रामपुर रायघाटी में खनन किया जा रहा है। मौके पर पोकलैंड मशीनों, ट्रैक्टर-ट्रालियों, डंपरों और ट्रैक्टरों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है। आरोप है कि एक मशीन की अनुमति के बावजूद कई मशीनें एक साथ संचालित हो रही हैं और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। सूत्र बताते हैं कि रिवर ड्रेजिंग के नाम पर नदी की प्राकृतिक संरचना से खिलवाड़ किया जा रहा है। गंगा की मुख्य धारा के भीतर भारी मशीनों के उतरने से जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है और नदी के किनारों पर कटाव का खतरा भी बढ़ गया है। रात-दिन चल रहे इस खनन कार्य से क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने लगा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) और पर्यावरणीय नियम सक्रिय धारा में खनन पर रोक लगाते हैं, तो फिर आखिर किसके संरक्षण में यह पूरा खेल चल रहा है? क्या विभागीय अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है? यदि अनुमति सीमित क्षेत्र और सीमित मशीनों की है, तो फिर अतिरिक्त मशीनें वहां कैसे पहुंच गईं?

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का कहना है कि गंगा जैसी संवेदनशील नदी में खुलेआम हो रहे इस खनन को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो नियम केवल कागजों तक सीमित रह गए हों। किसानों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मौके पर संचालित मशीनों की संख्या और खनन क्षेत्र का सत्यापन कराया जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो संबंधित पट्टाधारकों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### बड़ा सवाल...

क्या गंगा की बहती धारा को भी अब खनन माफियाओं के हवाले छोड़ दिया गया है? क्या पर्यावरणीय नियम सिर्फ आम जनता के लिए हैं? और आखिर प्रशासन कब जागेगा?

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः-3276/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 11.05.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में सम्बन्धित उपसंस्थान के अन्तर्गत विद्युत लाईन स्थानान्तरण करने का किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित उपसंस्थान से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पी0ए0सी0 | 11 के0वी0 गंगा नगरी | 14.05.2026/बृहस्पतिवार<br>16.05.2026/शनिवार<br>18.05.2026/सोमवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक | M कलस्टर, N कलस्टर P कलस्टर क्षेत्र, गंगा नगरी तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# व्यावसायिक शिक्षा का नया हब बनेगा पैठाणी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**पैठाणी( पौड़ी )/देहरादून।** राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी को व्यावसायिक शिक्षा का केन्द्र बनाया जायेगा। इसके लिये महाविद्यालय में चरणबद्ध तरीके से आधुनिक एवं उद्योगों की आवश्यकता आधारित रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किये जायेंगे, ताकि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर मिल सके।

यह बात प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कही। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आधुनिक तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराने की मंशा से पैठणी में राज्य का पहला व्यावसायिक महाविद्यालय खोला। इस महाविद्यालय को सरकार व्यावसायिक शिक्षा का बड़ा केन्द्र बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां उद्योगों एवं बाजार की मांग के अनुरूप नए पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सकेंगे और प्रदेश के विकास में सहभागी होंगे। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षिक सत्र से महाविद्यालय में बीटेक, बीएड, एमबीए एवं एमसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जायेंगे, इसके लिये विभगागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने कहा कि व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। महाविद्यालय में विभिन्न प्रयोगशालाओं के साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए अत्याधुनिक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, इसके अलावा आधुनिक ऑडिटोरियम एवं प्राचार्य आवास का निर्माण भी पूरा हो चुका है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये महाविद्यालय में विभिन्न वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने, कॉलेज परिसर में ओपन जिम एवं प्रतीक्षालय का निर्माण करने की बात कही।



**अगले शैक्षिक सत्र से शुरू होंगे बीटेक, बीएड, एमबीए व एमसीए पाठ्यक्रम, उच्च शिक्षा मंत्री ने व्यावसायिक महाविद्यालय में किया शौर्य दीवार का अनावरण**

वार्षिकोत्सव के अवसर पर डॉ. रावत ने महाविद्यालय परिसर में निर्मित "शौर्य दीवार" का अनावरण तथा पेयजल टंकी का लोकार्पण किया। उन्होंने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'बनास' एवं रसायन विज्ञान पुस्तक का विमोचन भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मनमोहा।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. ए.एस उनियाल, प्राचार्य राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय डॉ. विजय अग्रवाल, यूसीएफ के अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, भाजपा नेता राजेन्द्र टम्टा, जिला पंचायत सदस्य डॉ. शिवचरण नौडियाल सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बंगाल की तरह चकराता में खिलेगा कमल का फूल: रामशरण

**हनोल महासू महाराज मंदिर में टेका माथा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी है। भाजपा नेता रामशरण नौटियाल ने क्षेत्र में सम्पर्क कार्यक्रम तेज कर दिए हैं, हनोल महासू महाराज मंदिर में माथा टेकने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चकराता विधानसभा के दुरस्त क्षेत्र कथियान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सम्मेलन (और हिंदू समाजोत्सव) आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक समरसता, समता, कुटुंब प्रबोधन और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रविंद्र चौहान, और जिला प्रचारक सौरभ और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान भी शामिल हुए।



कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। उधर रामशरण नौटियाल ने बताया कि 2027 का बिगुल बज चुका है। पिछले चुनावों में रही गलतियों को सुधारते हुए 27 के चुनाव में एक जुट होकर काम किया जाएगा और बंगाल की तरह चकराता विधानसभा में भी कमल का फूल खिलेगा।

कार्यक्रम में नरेंद्र चौहान, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता संजय तोमर, अनूसूचित जन जाति के पूर्व अध्यक्ष मूरत राम शर्मा खुशीराम जोशी, प्रदीप जोशी, सुनील डोभाल, रविंद्र नेगी, विशाल चौहान अर्जुन शर्मा, निकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# नौनिहालों तक पहुंची शिक्षा और खेल की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** तल्लानागपुर के सीमांत क्षेत्र घिमतोली अंतर्गत स्वारी-ग्वास में सोमवार को शिक्षा और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली।

**माइंड मिटंस फाउंडेशन ने बांटी लेखन सामग्री**

सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित माइंड मिटंस फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्वास, प्राथमिक विद्यालय स्वारी तथा जूनियर हाईस्कूल स्वारी-ग्वास में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री एवं खेल सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार ने फाउंडेशन पदाधिकारियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया तथा संस्था के सामाजिक एवं शैक्षिक प्रयासों की सराहना की। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स सहित अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही फुटबॉल, वॉलीबॉल और अन्य खेल सामग्री भी बच्चों को प्रदान की गई, जिससे नौनिहालों के चेहरे खुशी से खिल उठे। फाउंडेशन की चेयरपर्सन शिवानी कपूर ने कहा कि संस्था का उद्देश्य दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों तक शिक्षा और खेल संसाधन पहुंचाकर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। पीटीए अध्यक्ष विनीता देवी ने फाउंडेशन के प्रयासों को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा चोपता मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, महामंत्री दीपक नेगी, वन पंचायत सरपंच धर्मेन्द्र सिंह नेगी, नव युवक मंगल दल अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह नेगी, प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र सिंह नेगी, दिगम्बर सिंह लिंगवाल, पुनीत सडिन्याल, चौत सिंह नेगी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आरती देवी, भारती देवी आदि मौजूद रहे।

# चेकिंग के दौरान वन विभाग की टीम ने देवदार लकड़ी के साथ दो व्यक्ति किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता कानासर रेंज की वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त व चेकिंग अभियान के दौरान अवैध देवदार लकड़ी के परिवहन में संलिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग के निर्देशों के अनुपालन में चकराता वन प्रभाग में वन अपराधों, अवैध पातन एवं अवैध वन उपज परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात्रि एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान कानासर रेंज की वन विभाग टीम द्वारा महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए अवैध देवदार लकड़ी के परिवहन में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।



**माइंड मिटंस फाउंडेशन ने बांटी लेखन सामग्री**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि लगभग 9 बजे वन क्षेत्राधिकारी, कानासर रेंज अपनी टीम के साथ मिशो/बुधेर बीट क्षेत्र में संयुक्त गश्त पर थे। गश्त के दौरान लोखंडी के समीप वन मोटर मार्ग पर एक बोलेरो वाहन संख्या यूके16 टीए-0490 एवं एक स्कूटी संख्या यूके16 इ-8599 संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए।

टीम द्वारा दोनों वाहनों को रोककर जांच की गई, जिसमें बोलेरो वाहन में अवैध रूप से देवदार प्रजाति की गोल लकड़ी लदी पाई गई तथा दो नग देवदार प्रकाष्ठ भी मौके से बरामद किए गए। वन विभाग की टीम को देखकर संबंधित व्यक्तियों ने मौके से भागने का प्रयास किया, किन्तु टीम द्वारा तत्परता एवं सतर्कता दिखाते हुए दोनों अभियुक्तों को पकड़ लिया गया।

तलाशी के दौरान अभियुक्तों कासिया उर्फ कार्तिक पुत्र बलिया, निवासी ग्राम एवं पोस्ट लोहारी चकराता व रणवीर पुत्र कुमपाल भारती, निवासी ग्राम एवं पोस्ट लो. हारी चकराता के पास से एक कुल्हाड़ी, एक कटार, दो मोबाइल फोन तथा देवदार गोल प्रकाष्ठ 3 नग, कुल लगभग 0.550 घन मीटर बरामद किया गया।

बरामद सामग्री, दोनों वाहनों एवं अभियुक्तों को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय चकराता लाया गया। मामले में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (उत्तराखंड संशोधन 2001) की धारा 26(1), 32, 33, 41, 42 एवं 52 के अंतर्गत वन अपराध पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

कार्रवाई में सम्मिलित टीम में अवनीश त्रिपाठी, वन क्षेत्राधिकारी कानासर रेंज, रमेश, वन दरोगा, अंकित सिंह, वन बीट अधिकारी, रजत शर्मा, वन बीट अधिकारी तथा शमशेर दास, पीआरडी वाहन चालक शामिल रहे।

# बिगडी कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** प्रदेश में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सहसपुर द्वारा राज्य सरकार के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा ने कहा कि धामी सरकार महिला उत्पीड़न रोकने में पूरी तरह से असफल हुई है, अंकित भंडारी से लेकर है वर्तमान के चंपावत कांड तक चारों तरफ भाजपा के पदाधिकारी महिला उत्पीड़न में सम्मिलित है, और यहां तक की सुरक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर तो राज्य सरकार बे पटरी हो चुकी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पवार ने कहा कि सतपुली कांड से लेकर जामुन वाला कांड तक पूरे प्रदेश से लेकर देश में उत्तराखंड पुलिस की किरकिरी हुई है, चारधाम यात्रा में भी पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।



**महिला उत्पीड़न में उत्तराखंड राज्य शीर्ष पर: आर्यंदर**

उन्होंने आरोप लगाया कि यह वह मित्र पुलिस नहीं है जिसकी परिकल्पना उत्तराखंड की जनता करती है, आक्रोषित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर से जोरदार नारेबाजी करते हुए सत्येंद्र चौक पर पहुंचकर राज्य सरकार का पुतला दहन किया।

पुतला दहन करने में प्रदेश कोषाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित पवार, सहसपुर प्रभारी संजय कुमार, सुरेंद्र तोमर, पूर्व प्रधान सहसपुर सुंदर थापा, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहसपुर कालूराम मेहता, राकेश बरोठवाल, हरीश बिष्ट, अशोक नेगी, जयवीर धीमान, अरशद, शाहिद, अनीश, अरविंद शाह आदि शामिल थे।

## सीमांत क्षेत्रों के भ्रमण पर रहेंगे राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, विभिन्न गांवों में करेंगे जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रूद्रप्रयाग।** दर्जाधारी राज्यमंत्री एवं सीमांत क्षेत्र अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट मंगलवार को जनपद रुद्रप्रयाग के विभिन्न सीमांत क्षेत्रों के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे क्षेत्रीय समस्याओं का जायजा लेने के साथ स्थानीय जनता से संवाद भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री प्रात: 7 बजे उखीमठ से प्रस्थान करेंगे।

सुबह 8 बजे चमेली, 9 बजे रूमसी एवं डोभा गांव पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे चौण्ड पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात करेंगे तथा 12:30 बजे वहां से प्रस्थान करेंगे।कार्यक्रम के तहत वे भोंसाल, भटवाड़ी तथा मणिगुह गांवों का भी भ्रमण करेंगे। मणिगुह में भोजन एवं स्थानीय भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके बाद मालखी, जगोठ, कमसाल और बड़ेथ गांव में पहुंचकर स्थानीय जनता से मुलाकात करेंगे और विकास कार्यों की जानकारी लेंगे। शाम 6 बजे बड़ेथ से प्रस्थान करने के बाद राज्यमंत्री शाम 7 बजे उखीमठ पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। भ्रमण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह बना हुआ है।

**एक नजर .......**

## डॉ. रावत ने पैठाणी में व्यापक जनसम्पर्क कर जाना आम लोगों का हाल



**पौडी।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के भ्रमण के दौरान पैठाणी एवं आसपास के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसम्पर्क कर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, व्यापारियों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र के विकास को लेकर सुझाव मांगे। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान डॉ. रावत ने पैठाणी में ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक कर विभिन्न सामाजिक एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से अपने-अपने गांवों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए नशा एवं अपराध मुक्त समाज निर्माण में सहयोग देने को कहा। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने, गांवों में जागरूकता अभियान चलाने तथा सामाजिक सद्भाव एवं सुरक्षा की भावना को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने पैठाणी स्थित राहु मंदिर परिसर में चल रहे सौन्दर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## मित्तल लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

**देहरादून।** सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में सोमवार को सुनील भारती मित्तल, संस्थापक एवं चेयरमैन, भारती एंटरप्राइजेज पूर्व प्रेसिडेंट, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुनील भारती मित्तल ने कहा कि "अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार के हाथों द्वारा सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत खुशी और गर्व का विषय है। आपने दूरसंचार मंत्री के रूप में मेरे पेशेवर सफर के कई महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण चरणों को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि मेरे अनेक मित्रों, सहयोगियों और सीआईआई परिवार के सदस्यों के साथ वर्षों तक काम करने का अवसर मिला है, और उन्हीं सामूहिक प्रयासों एवं सहयोग के कारण आज मुझे यह विशेष सम्मान प्राप्त हुआ है।

## बरसात से पहले कार्लीगाड़ में हटाया जाएगा आपदा का मलवा : जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके कैंप कार्यालय में कार्लीगाड़ के ग्राम प्रधान राकेश जवाडी के साथ ग्राम वासियों के प्रति. निधिमंडल ने भेंट की। इस दौरान ग्रामीणों ने वर्ष 2025 में ग्राम पंचायत कार्लीगाड़ में आई आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में जमा मलवा हटाने की मांग को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि आपदा के बाद से कई स्थानों पर अब भी भारी मात्रा में मलवा जमा है, जिससे बरसात के दौरान पुन: खतरा उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। इस पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए दूरभाष के माध्यम से गढ़वाल कमिश्नर से वार्ता की और बरसात शुरू होने से पहले प्रभावित क्षेत्रों से शीघ्र मलवा हटाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जनसुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते आवश्यक कार्य कराए जाएंगे, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ईएमएस कंपनी की लापरवाही से कार्य करने से कांग्रेसियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शहर कांग्रेस कमेटी विकासनगर के अध्यक्ष विकास शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल को ज्ञापन पत्र प्रेषित कर ईएमएस कंपनी द्वारा लापरवाही से कार्य करने की बात रखते हुए आम जनता की परेशानी से अवगत कराया।

नगर पालिका के अध्यक्ष ने तत्काल शहरी विकास डवलपमेंट एजेंसी के अभियंता व प्रोजेक्ट मैनेजर को सख्त लेहजे में कहा की शहर कांग्रेस कमेटी के इस ज्ञापन पर तत्काल कार्रवाई करें। इस मौके पर



**पालिकाध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल को सौंपा ज्ञापन**

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा की कंपनी अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करें नहीं तो जनता सड़कों पर उतरकर उनका विरोध करेगी। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास शर्मा, पीसीसी मेंबर संजय जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, जिला महासचिव राजीव शर्मा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष चंदेल, एडवोकेट क्षितिज वर्मा, सरस्वती कला मंच के अध्यक्ष नवनीत वर्मा, पूर्व सभासद बलजीत सिंह, सेवादल के अध्यक्ष भुवनपंत, क्षितिज वर्मा एडवोकेट, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नईम अहमद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद शर्मा ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि कंपनी द्वारा पूरे शहर में गुणवत्ता विहीन कार्य करने की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिसके चलते वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता कंपनी की कार्यप्रणाली से बहुत परेशान है।

**Notice**

I Have change my name from Darmiyan Lal to Darmiyan Kohli. My Known Name was Darmiyan Lal and all the educational document, etc. bears the name Darmiyan Kohli. I want to state that both names Darmiyan Lal and Darmiyan Kohli belongs to same person. Darmiyan Kohli S/o Mutari Lal, vill. Kaproli Karakot, Kirtinagar, Tehri Garhwal.

# लाखामंडल में 108 एंबुलेंस और डॉक्टरों की तैनाती की मांग

**स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया/चकराता।** चकराता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवभूमि लाखामंडल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर भाजपा वरिष्ठ नेता बचना शर्मा एवं पूर्व युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश ने उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट एवं स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से उनके निजी आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन के माध्यम से लाखामंडल क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा तथा डॉक्टरों की स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि देवभूमि लाखामंडल से करीब 200 गांव जुड़े हुए हैं, लेकिन आज तक क्षेत्र में न तो 108 एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध है और न ही डॉक्टरों की समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में क्षेत्रवासियों को मामूली उपचार के लिए भी विक. ासनगर और देहरादून का रुख करना पड़ता है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कई बार समय पर उपचार न मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है। प्रति. निधिमंडल ने यह भी बताया कि लाखामंडल धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन बना रहता है।

डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण यात्रियों को भी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता बचना शर्मा, ओमप्रकाश पर्व, दिवान सिंह चौहान, बाबूराम शर्मा, डबलू आर्य, घनश्याम पीरू आर्य तथा शर्मिला आकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने स्कूली बच्चों के साथ किया जागरूकता कार्यशाल का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** मानव भारती इंटरनेशनल स्कूल नेहरू कॉलोनी में नगर निगम देहरादून द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बच्चों के साथ एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वच्छ वायु के महत्व, स्रोत पृथक्करण तथा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर निगम देहरादून से मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना एवं सैनिटरी इंस्पेक्टर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रबंधक द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, कचरा पृथक्करण तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

**सूचना**

मेरा फर्म मैसर्स सचिन जायसवाल एंड अदर्स (ए०ओ०पी०) एवं सचिन जायसवाल, गुंजन जायसवाल निवासी हल्द्वानी इत्यादि से कोई लेना देना या सम्बन्ध नहीं है। यदि कोई इस फर्म के नाम से लोन हुआ हो य लोन हेतु आवेदन किया हो, तो उसमें मेरी कोई जानकारी नही है ना ही मेरे कहीं हस्ताक्षर हैं। फर्म से कहीं भी ताल्लुक नही रखती। यदि कहीं मेरे हस्ताक्षर पाये जाते है तो वे फर्जी माने जायेंगें तथा मैं उक्त फर्म की डीड एवं लोन इत्यादि से मेरा कोई संबंध नहीं है। नीति मिश्रा पत्नी राकेश कुमार निवासी पंचवटी 9 बल्लूपुर, देहरादून। मो0नं0-8171769199.

# मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में डिजिटल होगी फॉरेंसिक प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल में अब मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) से जुड़ी रिपोर्ट मरीजों और उनके परिजनों को ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। यह व्यवस्था चिकित्सा-कानूनी परीक्षा और पोस्टमार्टम रिपोर्टिंग प्रणाली मेडिको लीगल परीक्षण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिस्टम (मेडलेपर) के तहत शुरू कर दी है। इससे अब हाथ से लिखी रिपोर्टों की जगह कंप्यूटरीकृत और स्पष्ट डिजिटल रिपोर्ट मिलेगी।



■ मरीजों और परिजनों को अब डिजिटल मिलेगी एमएलसी रिपोर्ट

बेस अस्पताल प्रदेश में पहला राजकीय अस्पताल होगा, जहां जनता की सुविधा के लिए डिजिटल काम शुरू हो रहे हैं। विदित है कि अस्पताल में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना, मारपीट, जानवरों के हमले, विषाक्त पदार्थ सेवन, पानी में डूबने और अन्य आपराधिक घटनाओं से जुड़े कई मामले आते हैं। ऐसे मामलों में एमएलसी रिपोर्ट इलाज के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल होती है।

अब तक डॉक्टरों को एमएलसी रजिस्टर में रिपोर्ट हाथ से दर्ज करनी पड़ती थी, लेकिन नई डिजिटल व्यवस्था लागू होने से पूरी प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक हो जाएगी। नई प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पीजी कर रहे जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एमएलसी रिपोर्ट तैयार करने, अपलोड करने और सुरक्षित तरीके से साझा करने की प्रक्रिया सिखाई जाएगी। प्रशासन का मानना है कि इससे कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित होगी और त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। साथ ही न्यायिक मामलों में संबंधित पक्षों को समय पर डिजिटल दस्तावेज उपलब्ध हो सकेंगे। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. वल्लियप्पन और सीनियर रेजिडेंट डॉ. पंकज शाहू ने बताया कि ऑनलाइन एमएलसी रिपोर्ट बनने से लोगों को स्पष्ट और पढ़ने में आसान दस्तावेज मिलेंगे। कंप्यूटरीकृत रिपोर्ट से मरीजों और परिजनों को काफी सुविधा होगी और विभाग इस व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने में जुटा है।

''एमएलसी रिपोर्ट मरीजों और उनके परिजनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज होती है। डिजिटल व्यवस्था लागू होने से यह प्रक्रिया अब अधिक सरल, पारदर्शी और तेज हो गई है। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों को इसके संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और 1 मई से यह प्रणाली सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक डिजिटल, प्रभावी और जनहितकारी बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जाएगा।''
डॉ आशुतोष सयाना, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज श्रीनगर।

## भगवान आदिनाथ-शांतिनाथ की शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ श्रीनगर

**श्रीनगर।** जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ एवं भगवान शांतिनाथ देव की मूर्ति स्थापना से पूर्व रविवार को श्रीनगर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य बाजार से निकली शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी जैन महिलाओं का डांडिया नृत्य रहा। जानकारी के अनुसार स्वर्ण जैसी चमक वाली यह विशेष पालकी दिल्ली के एक जैन श्रद्धालु द्वारा श्रीनगर ऋषभ देव जैन मंदिर को भेंट की गई है। बताया गया कि भविष्य में प्रत्येक वर्ष महावीर जयंती के अवसर पर इसी पालकी में भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया।

## जन संवाद में प्रशासन की तत्परता दिखी, अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण,

**रूद्रप्रयाग।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी 12 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर राहत प्रदान की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की भी गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि एल-1 स्तर पर 156 तथा एल-2 स्तर पर 44 शिकायतें लंबित हैं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम आमजन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रहा है, जिससे लोगों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव हो पा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, प्रभारी शिकायत निवारण केंद्र विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## दुगड्डा में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** दुगड्डा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम प्रसाद बडोला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, युवा एवं महिला कांग्रेस को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की शुरुआत नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव जखमोला, यमकेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल रतूड़ी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश ठाकुर के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई।

इस अवसर पर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद नेगी तथा एनएसयूआई से कुलदीप पटवाल का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही ब्लॉक, नगर, बूथ स्तर, युवा कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस कमेटियों का गठन कर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाया जाएगा, ताकि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के जिलाध्यक्ष विकास नेगी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों की लड़ाई लड़ती रही है और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को सुनने एवं संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पियूष कैंतुरा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष हरेंद्र रावत, कुंदन सिंह, राजेंद्र सिंह चौधरी, शिव सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, महावीर सिंह, श्रीचन्द, राकेश कुमार, ललित मोहन चौधरी, वरुण नेगी, बिक्रम सिंह, उमेश मिश्रा, सुवेग जोशी, लियाकत अली, अब्दुल गफ्फार, कुलदीप सिंह पटवाल एवं अरविंद सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2027 विस चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता: शैलजा

■ प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** नई टिहरी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलाजा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरे उत्साह के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव में जुटने का आहवान किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई बडे नेताओं ने शिरकत की।

नई टिहरी के बौराडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीतिक



तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने टिहरी के एक वेडिंग पॉइंट में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने, एकजुटता बनाए रखने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन की जड़ को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर की सक्रियता को सबसे अहम बताया। शैलजा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय नहीं होंगे, उनके काम का मूल्यांकन किया जाएगा और पार्टी इस पर कड़ी नजर रखेगी।

कांग्रेस प्रभारी ने साफ कर दिया कि पार्टी विरोधी गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने संगठन में अनुशासन बनाए रखने और समय-समय पर जिला व ब्लॉक इकाइयों में बदलाव को जरूरी बताया, ताकि संगठन में नई ऊर्जा बनी रहे।

शैलजा ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए उसे भारतीय झूठ पार्टी बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी ताकत के साथ जुटें और 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए अभी से जमीन पर काम शुरू करें। सम्मलेन के माध्यम से कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि वह 2027 चुनाव को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहती।

सम्मलेन में उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल , नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, मनोज यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री करण माहरा, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य गुरुदीप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, पूर्व विधायक जोत सिंह गुणसोला, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश राणा, पूर्व राज्य मंत्री प्रवीण भंडारी, नरेंद्र रमोला, शहर अध्यक्ष कुलदीप पंवार, शांति प्रसाद भट्ट, आनंद सिंह बेलवाल, विजय गुनसोला, वीना सजवाण, लखवीर चौहान, मुर्शरफ अली, महिला अध्यक्ष आशा रावत सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बांध प्रभावितों व विस्थापितों का धरना 14 वें दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर चल रहा क्रमिक अनशन सोमवार को 14 वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों का टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी जिले के विकास कार्यों में खर्च करने, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को भी आंदोलन जारी रहा। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसके चलते उन्हें क्रमिक अनशन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह उनके अधिकारों और हक की लड़ाई है। लंबे समय से आंदोलन करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान निकालने की मांग की। धरना स्थल पर सागर भंडारी, देवांक चमोली, बबली देवी आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ धाम में गूंजा "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का संदेश,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड शासन के निर्देशानुसार आयोजित "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 1000 अटूट आस्था के वर्ष कार्यक्रम के तहत सोमवार को विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से प्रसारित राष्ट्रीय कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया।

श्री केदारनाथ मंदिर परिसर, आस्था पथ एवं टोकन काउंटर सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों पर लगाए गए एलईडी स्क्रीन के जरिए हजारों श्रद्धालुओं, तीर्थ पुरोहितों एवं स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान सोमनाथ मंदिर की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, भारतीय



■ श्रद्धालुओं ने देखा राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण,
■ आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा के गौरव से जुड़ा भव्य आयोजन बना श्रद्धा का केंद्र

संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्र की आध्यात्मिक चेतना से जुड़े प्रेरणादायक संदेश प्रसारित किए गए।

केदारनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से देखा। श्रद्धालुओं ने कहा कि "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की अटूट आस्था, सांस्कृतिक स्वाभिमान और सनातन सभ्यता की अविरल यात्रा का जीवंत प्रतीक है। कार्यक्रम के माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय सभ्यता की गौरवशाली परंपरा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। केदारनाथ धाम जैसे पवित्र तीर्थ स्थल पर इस कार्यक्रम के प्रसारण ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन भारत की अटूट श्रद्धा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सनातन परंपरा की अमर चेतना का प्रतीक माना जा रहा है।

### एक नजर .......

## लंबगांव में लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक

**लंबगांव:** नगर पंचायत लंबगांव में दिनों दिनों बढ रहे बंदरों के आतंक से आमजन नगरवासी बहुत परेशान है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, कोषाध्यक्ष अमन राणा ,विजय धनाई ने वन विभाग सो बंदरों क आतंक से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है और चेतावनी दी कि यदि विभाग द्वारा शीघ्र ही बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित नही की तो वे विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि बंदर सुबह होते ही झुंड बनाकर मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में डेरा डाल लेते हैं जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का इधर उधर जाना दूभर हो रखा है यही नही बल्कि बंदर आए दिन हर रोज किसी न किसी पर हमला कर लोगों काट रहे हैं खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं नजदीकी अस्पताल में बंदरों के काटने वाले मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है जो एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जो कि लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो जायेगी उन्होने विभाग से कि बंदरों को पकड़ने और उनके नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने की मांग करते हुए स्थानीय निवासियों को राहत दिलाने की मांग की है ऐसा न करने पर उन्होने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने की चोतावनी दी है।

## डैफोडिल ने जीती अंतर विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता

**कोटद्वार।** वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से मिनी स्टेडियम मोटाढाक में अंडर-19 बालक वर्ग की तीन दिवसीय अंतर विद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने जीत ली। फाइनल मुकाबले में नवयुग पब्लिक स्कूल को हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया।

उद्घाटन मैच में नवयुग पब्लिक स्कूल ने महर्षि विद्या मंदिर को 15-13 व 15-12 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया था। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने एमकेवीएन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में नवयुग पब्लिक स्कूल ने बलूनी पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच डैफोडिल पब्लिक स्कूल एवं नवयुग पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने नवयुग को 21-19, 21-18 से हराकर फाइनल अपने नाम किया। निर्णायक की भूमिका अंकित खंतवाल, संदीप रावत, दीपक भारती, नवनीत नेगी, पवनीश चंदोला, राहुल काला, दीपक सिंह बिष्ट ने निभाई। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि संगठन के कोषाध्यक्ष भास्कर नेगी ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

## मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, जल्द निर्णय न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**पुरोला।** रवांई क्षेत्र को पृथक जनपद घोषित किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को पुरोला नगर में क्षेत्रीय जनता ने विशाल रैली निकाल. कर जोरदार प्रदर्शन किया। रैली खेल मैदान से शुरू होकर कुमोला रोड, मोरी रोड एवं मुख्य बाजार से होते हुए तहसील परिसर पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। रैली के दौरान लोगों ने पृथक रवांई जनपद के समर्थन में जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि रवांई क्षेत्र लंबे समय से भौगोलिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक उपेक्षा का सामना कर रहा है, जिसके कारण आम जनता को अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है। इस दौरान पूर्व विधायक मालचंद, श्वेता राजकुमार, बलदेव असवाल, प्रकाश कुमार, गोपाल चौहान, अंकित पंवार, सुरेंद्र देवजानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## केदार मोहल्ला में गैस आपूर्ति न होने पर उपभोक्ता परेशान

■ जीएमवीएन इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय में की तालाबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत कमलेश्वर क्षेत्र के केदार मोहल्ला में पिछले करीब डेढ़ महीने से रसोई गैस आपूर्ति नहीं होने से नाराज उपभोक्ताओं ने सोमवार को जीएमवीएन इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान उपभोक्ताओं ने एजेंसी कार्यालय बंद कर अपना विरोध दर्ज कराया और जल्द गैस आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि लंबे समय से गैस सिलिंडर नहीं मिलने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों के सामने भोजन बनाने तक का संकट खड़ा हो गया है।

उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। मौके पर पहुंचीं क्षेत्र की पार्षद मीना असवाल ने कहा कि गैस आपूर्ति बाधित होने से महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने एजेंसी प्रबंधन से तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मंगलवार को वार्ड में गैस आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो उपभोक्ता खाली सिलिंडरों के साथ एजेंसी कार्यालय में उग्र प्रदर्शन करेंगे।

वहीं एजेंसी प्रबंधक ने उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास करते हुए मंगलवार तक वार्ड में गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

आश्वासन के बाद उपभोक्ता वापस लौट गए। वहीं दूषित पेयजल आपूर्ति होने पर भी स्थानीय लोगों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन करने वालों में सीमा, माहेश्वरी, कुसुमलता, देवेंद्र समेत कई स्थानीय उपभोक्ता मौजूद रहे।

## गढ़वाल विवि में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) एवं विज्ञान भारती (विभा) उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं नवाचारकर्ताओं ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर गहन मंथन किया। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार आधारित समाज निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीरामा हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। वहीं जीबी पंत इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान पौड़ी के निदेशक प्रो. वीके बाँगा ने आधुनिक जीवन में नई तकनीकों के बढ़ते प्रभाव और उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. शुभ्रा काला ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस, तकनीकी विकास तथा भारत की परमाणु ऊर्जा यात्रा पर विस्तृत व्याख्यान दिया। मौके पर डॉ. वरुण बड़थ्वाल, प्रो. हेमवती नंदन सहित आदि मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## निजी वाहनों के व्यवसायिक प्रयोग पर 03 वाहन सीज

**टिहरी।** प्रभारी जिलाधिकारी अग्रवाल के निर्देशानुसार चारधाम यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु आज परिवहन विभाग टिहरी द्वारा भद्रकाली, एनएच-34 पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान निजी वाहनों का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 03 वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन में कुल 10 चालान किए गए। एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येंद्र राज ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि निजी वाहनों का व्यवसायिक प्रयोग कदापि न करें तथा यात्रा के दौरान केवल अधिकृत सार्वजनिक सेवा वाहनों का ही उपयोग करें।

# मानसून अवधि को लेकर राज्य स्तर पर आपदा तैयारियों की समीक्षा

■ संवेदनशील क्षेत्रों में पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** मानसून अवधि में संभावित आपदाओं एवं आकस्मिक परिस्थितियों से बचाव को लेकर विभागीय तैयारी एवं प्रबंधन को लेकर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में पूर्व से ही आपदा प्रबंधन को लेकर बेहतर तैयारियां की जाती रही हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को मानसून से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भी लगातार इस संबंध में बैठकें आयोजित की जा रही हैं तथा राज्य सरकार का उद्देश्य सभी विभागों के सामूहिक प्रयासों से आपदा जोखिम को न्यूनतम करना है।

राज्य मंत्री उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन अभिषेक रोहिल्ला ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में मलबा निस्तारण, गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं तथा अधिकारी मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। जनपद टिहरी गढ़वाल से प्रभारी जिलाधिकारी वरुणा अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया गया।

दूरस्थ क्षेत्रों में पर्याप्त खाद्य सामग्री, गैस, पेट्रोल एवं डीजल का भंडारण सुनिश्चित करने, मानव एवं पशुओं हेतु आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखने, पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था तथा जेस.िबी संचालन हेतु समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु फॉगिंग अभियान संचालित करने को भी कहा गया। आपदा की स्थिति में खाद्य सामग्री वितरण, सुरक्षित स्थानों पर आपदा शेल्टर चिन्हित करने, जहां पेयजल, विद्युत, शौचालय, बिस्तर, फर्स्ट एड, व्हील चेयर एवं किचेन आदि की व्यवस्था उपलब्ध हो, सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, एसडीएम टिहरी कमलेश, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, सीएमओ डॉ श्याम विजय सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी पर लगा जुर्माना




**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भाा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-3 को तोड़ा, जो 'मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल' से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17-2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई। यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ। ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहां नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया। तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया।

## पंजाब ने दिल्ली को 211 रन का टारगेट दिया

■ **श्रेयस-प्रियांश के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट**

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू कर रहे हैं।

पंजाब ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यांश शेडगे क्रीज पर हैं। शशांक सिंह 0, मार्कस स्टोयनिस 1, कूपर कोनोली 38, प्रियांश आर्या 56 और प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस



स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शार्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शाट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कानाली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बाल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शार्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला आईपीएल विकेट बनाया। इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शाट खेलने की कोशिश में डीप पाइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएल कैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुक. `श कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की। प्रभसिमरन 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले ओवर के लिए 78 रन की साझेदारी हुई।

## मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से हराकर RCB अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

**रायपुर, वार्ता।** भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 54वें मुकाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

इसी के साथ मुम्बई इंडियंस प्ले ऑफ की रेस बाहर हो गई है। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रनों जरुरत थी। रोमारियो शेफर्ड आखिरी ओवर में 11 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद भुवी ने छक्का लगाकर एक बार फिर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और रसिख सलाम ने मिड ऑन की तरफ खेलकर दो रन लेकर



आरसीबी को मैच जिता दिया। आरसीबी ने आईपीएल में दूसरी बार मुम्बई इंडियंस को लीग चरण में दो बार हराया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 39 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए। पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर दीपक चाहर ने विराट कोहली (शून्य) को बोल्ड कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर में चाहर ने देवदत्त पड्किक्कल (12) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान रजत पाटीदार (आठ) को कार्बिन बॉश ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने जेकब बेथेल के साथ चौथे विकेट लिए 55 रन जोड़े। कार्बिन बॉश ने 13वें ओवर में बेथेल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बॉश ने 16वें ओवर में जितेश शर्मा (18) और टिम डेविड (शून्य) को आउट किया। 18वें ओवर में एम गजनफर ने क्रुणाल पांड्या आउट कर आरसीबी को संकट में डाल दिया। क्रुणाल पांड्या ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।

## मोहम्मद शमी के अनुभव के साथ उतरेगी सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल), वार्ता।** हाल ही में हुई बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कई अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सबसे बड़ा नाम रहे, इसके अलावा आलराउंडर करण लाल को भी टीम ने अपने साथ जोड़ा है। आगामी सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

इसी क्रम में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भी अनुभव, घरेलू प्रदर्शन और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार करते हुए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की खरीद में सबसे चर्चित नाम भारतीय तेज गें. दबाज मोहम्मद शमी का रहा, जिन्हें 5-20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया। वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को 2-50 लाख रुपये में खरीदा गया। फेंचाइजी ने करण लाल के लिए भी जोरदार बोली लगाते हुए उन्हें 8 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, जिससे वह बंगाल टी20 लीग पुरु नीलामी के शीर्ा 10 सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे। नीलामी को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने कहा कि, हम सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए नीलामी के परिणाम से बेहद संतुष्ट हैं।

### खेल विशेष

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक, वार्ता।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुषों की युगल बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में होंगे और यह जोड़ी थॉमस कप में अच्छे नतीजों के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही है, जहां उन्होंने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में मदद की थी।

### एलेक्जेंड्रा एला इटैलियन ओपन के तीसरे राउंड में एलेना रायबाकिना से हारी

**रोम, वार्ता।** कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर इटेलियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वर्ल्ड नम्बर दो एलेना रायबाकिना, जिन्होंने जनवरी में आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, ने बीएनपी परिबास एरिना में पहला सेट 6-4 से जीता और रविवार को अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर में तीसरे दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से जीत पक्की की।

### स्क्वैश: वीर चोटरानी की हार: वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त

**गीजा (मिस्र), वार्ता।** वीर चोटरानी के दूसरे राउंड में दुनिया के नम्बर वन मुस्तफा असल खिलाफ हार के साथ वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। पुरुषों की स्क्वैश रैंकिंग में 45वें नम्बर पर मौजूद वीर चोटरानी, रविवार को पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में लोकल फेवरेट और डिफेंडिंग चैंपियन मुस्तफा असल से 3-0 (11-5, 11-2, 11-4) से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। गीजा में खेल रहे चार भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों में से 24 साल के चोटरानी अकेले ऐसे खिलाड़ी थे जो दूसरे राउंड में पहुंच पाए। वीर चोटरानी ने शुरुआती राउंड में अपने ही देश के और भारत के टॉप रैंक वाले खिलाड़ी अभय सिंह को 3-2 से हराकर आगे बढ़े। इस बीच, वेला. वन सेंथिलकुमार और रमित टंडन पहले ही राउंड में बाहर हो गए। वर्ल्ड नम्बर 50 वेलावन सेंथिलकुमार फांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नम्बर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 से हार गए। दूसरी तरफ, 40वीं रैंक वाले रमित टंडन म्रि के करीम एल टॉर्की से 3-1 से हार गए, जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं।

## 21 विकेटों के साथ भुवनेश्वर ने जमाया पर्पल कैप पर कब्जा

**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट झटकर पर्पल कैप पर अपना कब्जा कर लिया। 2016 और 2017 में लगातार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 36 साल की उम्र में भी अपनी कला नहीं खोई है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह और भी बेहतर होते जा रहे हैं।



उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ उनके चार विकेट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ यह इस सीजन में उनके विकेटों की संख्या 21 तक पहुंच गई है और वह पर्पल कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है। शनिवार को कगिसो रबाडा 18 और रविवार को दिन के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ दो विकेट लेकर अंशुल कम्बोज 19 विकेट तक पहुंच गए थे। ए दोनों क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इसके बाद एलएसजी के प्रिंस यादव और सनराइजर्स हैदराबाद के इशान मलिगा 16-16 विकेट के साथ आते हैं। फिर गुजरात टाइटंस के राशिद खान और राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर 15-15 विकेट वाले गेंदबाज हैं। वहीं ऑरेंज कैप तालिका के मामले में पिछले मैच में एलएसजी के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली, एमआई के खिलाफि भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए और इसी वजह से वह अब भी दसवें स्थान पर अटके हुए हैं।

## एसआरएच की पावर का सामना गिल की दमदार जीटी से होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा। दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है। हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है,

और अभिोक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना




है। उनके साथ, ट्रैविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं। अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गें. दबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है। लेकिन अहमदाबाद ज्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते। बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है। नम्बर इसे साफ दिखाते हैं: गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है। इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है। शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंत. रता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है।

## एएफसी अंडर-17 एशियन कप में भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से हारी

**जेद्दा, वार्ता।** भारत का एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 का कैंपेन निराशाजनक रूप से खत्म हुआ, जब उसे यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप डी मैच में डिफेंडिग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, बल्कि एआईएफए अंडर17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए ऐतिहा. सिक क्वालिफिकेशन हासिल करने की भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं।

उज्बेकिस्तान की जीत ने उनके और ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर



दिया, जो अब ग्रुप विनर तय करने के लिए मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया से शुरुआती 4-0 की हार के बाद यह जानते हुए कि सिर्फ जीत ही उनके वर्ल्ड कप के सपने को जिदा रख सकती है, भारत ने रविवार को सावधानी से मुकाबला शुरू किया। उज्बेकिस्तान ने शुरुआती स्तर नियंत्रण बनाए रखा और बार-बार सीधे अटैकिंग रन और आखिरी थर्ड में तेज मूवमेंट के साथ भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की। दबाव के बावजूद, भारत पहले हाफ में ज्यादातर समय डिफेंस में लगा रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोल. कीपर राजरूप सरकार ने डिफेंडिग चैंपियन को दूर रखने के लिए कई जरूरी बचाव किए। हालांकि, 32वें मिनट में एक महंगी गलती के बाद भारत का प्रतिरोध टूट गया। सरकार उज्बेक आक्रमण को रोकने की कोशिश में अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया के अंदर लाजजि अब्दुरईमोव को गिरा दिया। रेफरी ने तुरंत स्पॉट की ओर इशारा किया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, हरिद्वार

पत्रांक: 85/ई0-निविदा/रजत जयंती पार्क/2026-27 दिनांक: 11/5/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, जनपद हरिद्वार द्वारा केन्द्रपोषित योजना अमृत 2.0 के ग्रीन स्पेश घटक के अंतर्गत "नगर पालिका परिषद, शिवालिकनगर के क्षेत्रान्तर्गत रजत जंयती पार्क निर्माण कार्य" को कराये जाने के लिए नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, हरिद्वार में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से ई-निविदा (Online) के माध्यम से आनलाईन तकनीकी बिड (Technical) एवं वित्तीय बिड (Financial Bid) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| विवरण / कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रु. 5000/- 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त |
| धरोहर राशि | रु. 192500/- |
| कार्य अवधि | 06 माह |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र उपलब्ध रहने की तिथि एवं समय | 12/05/2026 प्रातः 10:00 बजे से 22/05/2026 14:00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एंव समय | 22/05/2026 17:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 23/05/2026 दोपहर 02:00 बजे |

ई-निविदा के सम्बंध में समस्त शर्ते एवं सूचनाऐं http://uktenders.gov.in पर उपरोक्तनुसार उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार।

# तेज रफ्तार कार ने पांच छात्राओं को रौंदा, तीन की हालत नाजुक

**❖स्कूल से पैदल घर लौट रही छात्राओं को स्विफ्ट डिजायर कार ने पीछे से मारी टक्कर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के डुमनपुरी क्षेत्र में आज उस समय हड़कंप मच गया जब स्कूल से घर वापस लौट रही पांच छात्राओं को एक अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी इस भीषण सड़क हादसे में तीन छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया ह।

ैमिली जानकारी के अनुसार, सभी छात्राएं स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर की ओर पैदल जा रही थीं। जैसे ही वे डुमनपुरी के पास पहुंची, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्राएं सड़क पर काफी दूर जा गिरींअस्पताल में भर्ती और हालतहादसे के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से पांचों छात्राओं को लक्सर के एक निजी अस्पताल ले जाया गयादो छात्राओंको मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। तीन छात्राओं को आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया हैइनमें से एक छात्रा की हालत 'अत्यंत चिंताजनक बताई जा रही है जिसे बेहतर इलाज के लिए देहरादून' भेजा गया है। हम कॉलेज से लौट रहे थे, हमारे पीछे दो छोटी बच्चियां भी चल रही थीं। अचानक पीछे से एक बहुत तेज रफ्तार गाड़ी आई और पहले उन्हें टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर हमें भी अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित छात्रा का बयान- घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची हालांकि, मौका पाकर कार चालक वाहन छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है निजी स्कूल के अध्यापक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल छात्राएं उनके स्कूल की छात्राएं हैं और छुट्टी के बाद अपने गांव के नजदीक ही हादसे का शिकार हो गईं। इस घटना के बाद से गांव में रोष और शोक का माहौल बना हुआ है।

# केदारनाथ से लौटते समय ट्रेन से गायब हुई विवाहिता बिहार से सकुशल बरामद

**❖यात्रा के दौरान पति से अनबन होने पर उठाया कदम, लक्सर पुलिस ने किया बरामद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** केदारनाथ धाम के दर्शन कर वापस लौट रहे एक दंपति के जीवन में उस समय हड़कंप मच गया, जब चलती ट्रेन से नवविवाहिता रहस्यमयी परिस्थितियों में गायब हो गई बीती 5 मई की रात हुई इस घटना ने क्षेत्र में काफी सुर्खियां बटोरी थीं परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था, जिसे बाद में परिस्थितियों को देखते हुए अपहरण की धाराओं में तब्दील कर दिया गया।

पुलिस की सक्रियता और बड़ी सफलतालक्सर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़ी मशक्कत शुरू की। रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों के अभाव के बावजूद पुलिस ने मैन्युअल ट्रैकिंग और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए कड़ी से कड़ी जोड़ी। अंतत पुलिस टीम ने गायब महिला को बिहार के बेगूसराय से सकुशल बरामद कर लिया हैपरिजनों ने जताई नाराजगीपुलिस को दिया ध न्यवादपरिजनों के अनुसार, दंपति की शादी महज दो माह पहले हुई थी। लक्सर पहुंचे परिजन आकाश गुप्ता ने बताया शादी को अभी दो महीने ही हुए थे और दोनों खुशी-खुशी केदारनाथ यात्रा पर गए थे वापसी में अचानक पत्नी के गायब होने से हम सब सदमे में थे सबसे बड़ी लापरवाही रेलवे की रही, जहां सुरक्षा के लिहाज से कैमरे नहीं लगे थे, जिससे सुराग ढूंढने में काफी परेशानी हुई हम लक्सर पुलिस के आभारी हैं जिन्होंने हमारी बेटी को ढूंढ निकालाइस पूरे सनसनीखेज मामले पर 'एसपी देहात शेखर सुयाल' ने जानकारी देते हुए बताया की महिला को बेगूसराय (बिहार) से बरामद कर लिया गया हैमामले की गहनता से जांच की जा रही है कि महिला वहां तक कैसे पहुंचीजल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा

## मानसून के मद्देनजर झबरेड़ा नपं में नाला सफाई का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** नगर पंचायत झबरेड़ा में आगामी मानसूनी सीजन को ध्यान में रखकर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी एवं अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत के निर्देशों पर कस्बे के छोटे-बड़े नालों और नालियों की सफाई का कार्य श्युद्ध स्तरश पर शुरू कर दिया गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने बताया कि बरसात में पानी की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रविवार से सफाई का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया। पहले दिन कस्बे से सहारनपुर मार्ग की ओर जाने वाले मुख्य नालों और विभिन्न मोहल्लों की नालियों की गहन सफाई की गई। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सफाई व्यवस्था को गति देने के लिए 14 अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। यह कार्य ठेके के माध्यम से कराया जा रहा है, ताकि सीमित समय में अधिक से अधिक क्षेत्र कवर किया जा सके।

## आपस में झगड़ा कर रहे दो पक्षों के 6 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** क्षेत्र के गांव में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कोतवाली पुलिस द्वारा रविवार देर शाम विवाद बढ़ने पर की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम गांव लखनौता में दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए तथा गाली गलौज व मारपीट हो गई। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही के तहत कार्रवाई करते हुए प्रथम पक्ष के अजय, सोहन और विनीत और द्वितीय पक्ष के विशांत,अक्षय और अमन निवासी ग्राम लखनौता को हिरासत में लेकर थाने लाया गया।

## स्वामी विवेकानंद कॉलेज के खिलाफ जांच की मांग को लेकर जेएम को सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इंपीरियल एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मतलबपुर रुड़की में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी रुड़की को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। आरोप है कि कॉलेज प्रबन्धन ने छात्रवृत्ति में घोटाला किया है इसके साथ ही पैसे लेकर कर्मचारियों को भर्ती किया है। वहीं धरनारत लोगों ने कॉलेज को अनुदान सूची से बाहर किए जाने की मांग की है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा अनुदान नियमों की अनदेखी कर कार्य किया जा रहा है तथा ट्रस्ट के भीतर भी विवाद की स्थिति है। भूमि लीज से संबंधित प्रकरण में भी अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि लीज डीड में कथित रूप से बदलाव कर निजी लाभ पहुंचाया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वर्ष 2019 में लीज की धनराशि में भारी वृद्धि की गई, जिससे आर्थिक अनियमितता की आशंका उत्पन्न होती है। इसके अतिरिक्त कॉलेज पर पूर्व में छात्रवृत्ति घोटाले में संलिप्त होने का भी आरोप लगाया गया है, जिसमें न्यायालय में चार्जशीट दाखिल होने का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि कई लोगों से करोड़ो की रकम ली गई है जिस संबंध में पीड़ितों द्वारा कई बार कोतवाली गंगनहर में नामजद तहरीर दी गई लेकिन आज तक किसी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। ज्ञापन सौंपने वालो में रोमी अग्रवाल,अमित कुमार,दीपक, गितेंद्र सैनी,जयप्रकाश शर्मा,राजेंद्र,बिन्नी,राजेश कुमार,दीपक सैनी आदि उपस्थित रहे।

## आरबीआई के असिस्टेंट मैनेजर के बैंकों के निरीक्षण से खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** भारतीय रिजर्व बैंक के कड़े रुख के चलते कस्बा के बैंकिंग क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आरबीआई के असिस्टेंट मैनेजर ने स्थानीय बैंकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक के असिस्टेंट मैनेजर आशीष कुमार ने कस्बे के मुख्य बैंक भारतीय स्टेट बैंक , पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक का औचक दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंकों की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। मुख्य रूप से बैंक के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स की जांच की गई। ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं और बैंकिंग नियमों के अनुपालन का जायजा लिया गया। बैंकों की सुरक्षा और वित्तीय पारदर्शिता से जुड़े मानकों को परखा गया।आरबीआई अधिकारी के अचानक पहुंचने की खबर जैसे ही अन्य शाखाओं तक पहुंची, बैंक कर्मियों में खलबली मच गई। असिस्टेंट मैनेजर ने बैंक मैनेजरों से विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बैंक आरबीआई की गाइडलाइंस के अनुसार कार्य कर रहे हैं या नहीं। उन्होंने बैंक अधिकारियों को कार्यप्रणाली में ओर अधिक पारदर्शिता लाने और बैंकिंग रिकॉर्ड्स को अपडेट रखने के निर्देश दिए हैं।

## शराबी की सड़क किनारे संदिग्ध हालत में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** थाना झबरेड़ा के अंतर्गत क्षेत्र में शराब के नशे से एक व्यक्ति की सड़क किनारे गिरने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि 46 वर्षीय कुशलपाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के सहजी गांव का निवासी था। रविवार देर शाम वह शराब के नशे में इतना धुत था कि सड़क किनारे अनियंत्रित होकर गिर गया और काफी देर तक वहीं पड़ा रहा, जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क किनारे व्यक्ति को बेसुध पड़ा देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो व्यक्ति मृत पाया गया। तलाशी और पूछताछ के बाद मृतक की शिनाख्त कुशलपाल के रूप में हुई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल उसकी पत्नी को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि कुशलपाल की ससुराल भी झबरेडा थाना क्षेत्र के गांव डेलना में ही है।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चोर दबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को दबोचकर उससे चोरी का वाहन 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम ग्राम हीरा खेड़ी तिराहा के पास पुलिस वहां से आने जाने वाले लोगों की चेकिंग कर रही थी ।उसी समय वहां से एक बिना नंबर की स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति आया ।पुलिस द्वारा स्कूटी रोककर उससे संबंधित कागजात मांगे तो कागजात नहीं दिखाने पर पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली गई ।तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम आमिर पुत्र कौशर निवासी ग्राम खाता खेड़ी बताया। उक्त को थाने लाया गया तथा शक्ति से पूछताछ करने पर उक्त ने बताया कि पकड़ी गई स्कूटी कुछ दिन पूर्व ही गंग नहर रुड़की क्षेत्र से चोरी की थी। इसी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की हुई एक बाइक भी बरामद की है। उक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है ।पुलिस टीम में निरीक्षक विजय सिंह सी जयसिंह राणा हेड कांस्टेबल रामवीर सिंह व नसीबुद्दीन शामिल रहे।

### पुलिस एक गैंगस्टर दबोचा

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध कार्यो मे लिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था आदेश के अनुपालन मे थाना कोतवाली गंगनहर क्षेत्र के ग्राम सफरपुर कोतवाली गंगनहर निवासी जो कि गोकशी के कार्य मे लिप्त थे जिनके विरुद्ध थाना कोतवाली गंगनहर पूर्व मे गोकशी के अभियोग दर्ज है परन्तु वर्तमान समय मे भी गोकशी के कार्य मे लिप्त होने के कारण अपराधियो के विरुद्ध गैगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया गैगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिनको नियमानुसार न्यायालय मे पेश किया जायेगा नाम पता अभियुक्त-अफजाल पुत्र मुस्तकीम निवासीगण ग्राम सफरपुर है।

## लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी को राज्य मंत्री से मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुजफ्फरनगर निवासी प्रसिद्ध माजसेवी एवं क्रांतिकारी शालू सैनी को उत्तराखंड में उस सेवा भावना के लिए सम्मानित किया गया,जिसने इंसानियत की मिसाल कायम कर दी।रुड़की स्थित उत्तराखंड के गन्ना मंत्री श्यामवीर सैनी के आवास पर शालू सैनी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पिछले सात वर्षों में करीब छः हजार लावारिस मृतकों को अपना नाम देकर पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार करने वाली शालू सैनी आज देशभर में "लावारिसों की वारिस" के नाम से पहचान बना चुकी हैं।बातचीत के दौरान उनकी सेवा यात्रा का जिक्र होते ही माहौल भावुक हो उठा। बताया गया कि जिस दौर में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के समय लोग अपने सगे संबंधियों से भी दूरी बना रहे थे,उस भयावह समय में शालू सैनी ने अपनी जान की परवाह किए बिना सड़क किनारे,अस्पतालों और शमशानों में पड़े लावारिस शवों को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी। माताओं के लिए बनाया आशियाना सिर्फ मृतकों के अंतिम संस्कार तक ही नहीं,बल्कि समाज द्वारा ठुकराई गई बेसहारा माताओं के लिए भी शालू सैनी लगातार सेवा में कार्यकर रही हैं।

## गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य, लावारिस ना छोड़े : सुधीर कुमार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** लावारिस घूम रही गायों का सहारा फिलहाल सुधीर कुमार सहारा बने हुए हैं। उनका कहना है कि गौ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। अभी तक लगभग सैकड़ों लावारिस और घायल गायों को उपचार कराकर गौशाला लेकर जा चुके हैं। सुधीर कुमार ने अपने सहयोगियों ललित कुमार, बिन्दर कुमार, तथा विपिन सैनी द्वारा एक गौसेवा के लिए मां मनसा गौशाला ट्रस्ट के नाम से लक्सर के निरंजनपुर गांव में गौशाला बनाई हुई है। उनका कहना है कि इस ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य लावारिस और घायल गायों की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि अभी तक कई सौ लावारिस और घायल गायों को उपचार देकर उनकी सेवा कर रहे हैं। निरंजनपुर गांव में स्थापित मां मनसा गौशाला ट्रस्ट का उद्देश्य बेसहारा गौमाताओं को आश्रय , उपचार और देखभाल प्रदान करना है। सुधीर कुमार ने लोगो से भी अपील की कि गौमाता को लावारिस ना छोड़े तथा गौसेवा में अपना सहयोग दें।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आमिर अंसारी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने आमिर अंसारी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद आमिर के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सलीम अहमद पुत्र लतीफ अहमद नि. मौहल्ला मैदानियान ज्वालापुर, हरिद्वार।

**खोया पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुकमांक नं. 22004908 व इंटरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक नं. 24307238 जनता इंटर कॉलेज सुल्तानपुर का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग किथी अन्य को अवैध होगा।
नर्गिस पुत्री शमीम अहमद नि. म. नं. 341 मस्जिद के पास आजादनगर लक्सर, पो. व तह. लक्सर हरिद्वार।

### शांति व्यवस्था भंग करने पर सात का चालान

**पिरान कलियर।** पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन महिला और चार पुरुषों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि धनौरी क्षेत्र में पंचायती जमीन पर कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं कलियर पीपल चौक के पास एक व्यक्ति को टेम्पो से टक्कर लगने के बाद चालक के साथ हुए विवाद में दो लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा कलियर में एक गेस्ट हाउस के सामने महिलाओं के बीच आपसी कहासुनी और आरोप-प्रत्यारोप के चलते तीन महिलाओं समेत कुल सात लोगों को गिरफ्तार न्यायालय पेश किया गया है।टीम में एसएसआई देवेंद्र सिंह तोमर,धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान,एसआई विशाखा असवाल, अमरीश कुमार शामिल रहे।

## भाविपस का अधिष्ठापन समारोह संपन्न
# हम सभी अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ सकेंगे : प्रदीप बत्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा रुड़की द्वारा होटल दीप रेजिडेंसी में वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का अधिष्ठापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा रहे।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ। शाखा के पुनः निर्वाचित अध्यक्ष इंजीनियर राकेश कुमार गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद के पांच सूत्र-संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण ही हमारी प्रेरणा हैं।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि परिषद से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो गांव, प्रदेश और राष्ट्र की उन्नति सुनिश्चित है। उन्होंने रुड़की के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। नई कार्यकारिणी की घोषणा-सत्र 2026-27 के लिए कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें इंजी. राकेश कुमार गर्ग (अध्यक्ष), सोमेन करमाकर (सचिव), डॉ. मनोहर अरोड़ा (वित्त सचिव), डॉ. अजय भार्गव व श्रीमती रश्मि जैन (उपाध्यक्ष), पंकज गुप्ता (संगठन सचिव) मनोनीत किए गए। इसके अलावा मुजीब मलिक, निखिल पंत, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. प्रदीप रस्तोगी और रितिका गुप्ता को विभिन्न संयोजक पदों की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संजीव गर्ग को सम्मानित किया गया।

# चारधाम यात्रा के दौरान मंगलौर गुड़मंडी पर भीषण जाम, आमजन हलकान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** चारधाम यात्रा चरम पर है, लेकिन मंगलौर की गुड़ मंडी में हर शनिवार-रविवार को लगने वाले लंबे जाम से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। जाम खुलवाने के लिए मंगलौर कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवान भीषण गर्मी में दिन-रात ड्यूटी पर लगे हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक जाम का मुख्य कारण गुड़ मंडी के पास सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे हैं। इन खंभों के चलते सड़क संकरी हो गई है और हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ते ही जाम लग जाता है। कई बार आला अधिकारियों से शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री ने भी इस मामले में अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने एनएच और ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन्हीं की लापरवाही से गुड़ मंडी के पास आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को जाम झेलना पड़ रहा है। वही मंगलौर सीओ अभिनय चौधरी ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों से कई बार पत्राचार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के चलते श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बिजली के खंभों को तत्काल शिफ्ट कर सड़क चौड़ी करना जरूरी हो गया है, ताकि जाम और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# मोदी की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तेलंगाना के दौरे पर थे। हैदराबाद में जहां उन्होंने एक सरकारी समारोह में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की वहीं सिकंदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। सिकंदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की। इसके लिए उन्होंने कई रास्ते भी बताए हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान एक साल तक सोना न खरीदने और खाने का तेल कम इस्तेमाल करने की अपील की। कांग्रेस ने पीएम मोदी के बयान की निंदा की है। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आपातकालीन कदम उठाने की जगह जनता को ही मुश्किल में डाल रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा में कहा सप्लाई चेन की इन मुश्किलों के बीच पिछले दो महीने से ही हमारे पड़ोस में इतना बड़ा युद्ध चल रहा है। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा है और भारत पर तो और भी गंभीर असर पड़ा है। भारत के पास बड़े बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। हमें अपनी जरूरत के पेट्रोल-डीजल-गैस ये सभी बहुत बड़ी मात्रा में दुनिया के दूसरे देशों से मंगाने पड़ते हैं। युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टीलाइजर के दाम बहुत अधिक बढ़ चुके हैं। आसमान को भी पार कर गए हैं। पड़ोस के देशों में क्या है वो तो अखबारों में आता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार इस युद्ध के पिछले दो महीनों से देशवासियों को इस संकट से बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नागरिकों पर बोझ ना पड़े, इसके लिए सरकार सारा बोझ खुद अपने कंधे पर उठा रही है। पीएम मोदी ने सप्लाई चेन का हवाला देते हुए कहा कि सप्लाई चेन पर लगातार संकट बना रहे तो हम कितने भी उपाय कर लें मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं। इसलिए अब देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। देश के लिए मरना ही देशभक्ति नहीं होती है, देश के लिए जीना और देश के लिए अपने कर्तव्यों को निभाना वो भी देशभक्ति होती है। ऐसे ही खाने के तेल का भी है। इसके आयात के लिए भी बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। हर खाने में तेल का उपयोग में कुछ कमी करे तो वो भी देशभक्ति का काम है। इससे देश सेवा भी होगी और देह सेवा भी होगी। इससे देश के खजाने का स्वास्थ्य भी सुधरेगा और परिवार के लोगों का भी स्वास्थ्य सुधरेगा। पीएम मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने को लेकर कहा कि जो भी रास्ते अपना सकते हैं वो अपनाना होगा। उन्होंने कहा सोने की खरीद एक और पहलू है जिसमें विदेशी मुद्रा बहुत खर्च होती है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन पीएम मोदी को अब भी यह समझ नहीं आ रहा है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा, यह बेहद शर्मनाक, गैर-जिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनैतिक है कि पीएम इस वैश्विक संकट से हमारी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कोई आपातकालीन योजना बनाने के बजाय, आम नागरिकों को ही मुश्किल में डाल रहे हैं।

# नर्सों के बिना अधूरा है चिकित्सा का आकाश





योगेश कुमार गोयल

नर्सें किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, फिर चाहे वह सार्वजनिक हो अथवा निजी। चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए नर्सें डॉक्टरों के साथ सांझेदारी करती हैं और चिकित्सा संस्थान में प्रवेश करने से लेकर बाहर निकलने तक अपने मरीजों की भलाई के लिए जिम्मेदार रहती हैं। वे मरीजों के स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग का पेशा दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद पेशों में से एक पेशा माना जाता है।

सामान्य दिनों में जब पेशेवर डॉक्टर दूसरे मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं, तब अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल का उत्तरदायित्व नर्सों पर ही रहता है। इसलिए उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रोगियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बीमारी को नियंत्रित करने में मित्रवत व्यवहार करें तथा उनके प्रति स्नेहशीलता का परिचय दें। इसीलिए रोगियों की उचित देखभाल के लिए नर्सों का शारीरिक, मान. सिक तथा सामाजिक स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित तथा अनुभवी होना बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। समाज के लिए नर्सों के योगदान को चिन्हित करने के लिए ही प्रतिवर्ष 12 मई को विश्व नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां विकसित होती हैं और नई चुनौतियों का सामना करती हैं, नर्सों का योगदान अपूरणीय बना रहता है। यह दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के अमूल्य योगदान, मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें सराहना मिले तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को पुरस्कृत किया जाए। नर्सिंग ऐसा कार्यक्षेत्र है, जिससे जुड़े लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते। सरकारी और निजी अस्पतालों, सैन्य बलों, नर्सिंग होम, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ही जाता है। वैसे नर्सों का कार्य केवल मरीजों की देखभाल तक ही सीमित नहीं होता बल्कि योग्य नर्सों के लिए शैक्षिक, प्रशासनिक और शोध कार्यों से संबंधित अवसर भी उपलब्ध होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अमीर और गरीब दोनों प्रकार के देशों में प्रशिक्षित नर्सों की कमी है लेकिन विक. ासशील देशों में यह कमी कुछ अधिक देखने को मिलती है। विकसित देश अपने यहां नर्सों की कमी को अन्य देशों से नर्सें बुलाकर पूरा कर लेते हैं और उनको वहां पर अच्छा वेतन और सुविधाएं देते हैं, जिससे नर्सें विकसित देशों में जाने में देर नहीं करती। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लोभ में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती हैं, जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विकासशील देशों में नर्सों को अधिक वेतन और सुविधाओं की कमी रहती है और आगे का भविष्य भी अधिक उज्ज्वल नहीं दिखाई देता, जिससे वे विकसित देशों के बुलावे पर नौकरी के लिए चली जाती हैं। भारत में महानगरों तथा बड़े शहरों में चिकित्सा व्यवस्था कुछ ठीक होने के कारण इन इलाकों में नर्सों की संख्या में इतनी कमी नहीं है, जितनी कि छोटे शहरों और गांवों में है। किसी भी देश में नर्सों की कमी उस देश की खराब चिकित्सा व्यवस्था को बताती है। नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर पर भी पड़ता है। अच्छे वेतन और सुविधाओं के लिए पहले जितनी अधिक संख्या में प्रशिक्षित नर्सें विदेश जाती थी, आज उसमें कुछ कमी आई है। दरअसल आज सरकारी अस्पतालों में नर्सों को अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है और यही कारण है कि भारत से प्रशिक्षित नर्सों का पलायन कुछ हद तक रुका है। हालांकि तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में नर्सों की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है, जहां उन्हें लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है और फिर भी वे सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, जिनकी वे हकदार हैं। भारत में विदेश के लिए नर्सों के पलायन में पहले की अपेक्षा कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है।

## श्रीमुख से...

### लोग केवल राजनीतिक जुगाड़ मानेंगे



मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए, सरकार और मंत्रियों के कामकाज में समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित होती दिखाई देनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे।

-सुश्री मायावती
अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# विश्वास, उम्मीद व सेहत का जीव विज्ञान



अमेरिकी लेखक और एक्टिविस्ट हेलन केलर इंसानी क्षमता और संभावना की एक अंतर्राष्ट्रीय मिसाल हैं। बहरेपन और अंधेपन से ग्रसित हेलन केलर ने लिखा था, आशावाद वह विश्वास है जो कामयाबी की ओर ले जाता है। उम्मीद और भरोसे के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता। आशावाद को भविष्य में अच्छा और हितकर होने की सकारात्मक उम्मीद रखने के रूप में समझा जा सकता है। यह एक इंसानी खूबी है जिसे बेहतर सेहत और बेहतर जिंदगी से भी जोड़ कर देखा जाता है। आशावाद तय करता है कि हम भविष्य को कैसे देखते-सोचते हैं। यह एक मॉड्युलेटर की तरह काम करता है जो सकारात्मक संभावनाओं को थोड़ा बढ़ा-चढ़ा देता है और नकारात्मक विचारों और ख्यालों को दूर रखता है।

इस्राइली-ब्रिटिश तंत्रिका विज्ञानी ताली शारोट का अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत मनुष्य आशावादी हैं, लेकिन अधिकतर लोग 'थोड़े ही' आशावादी होते हैं। यह कहा जा सकता है कि आशावाद वास्तविकता से अलग, एकतरफा सोच दिखाता है। जैव-विकास ऐसी खूबी को क्यों तरजीह देगा जो आपको पूरी तरह निष्पक्ष रखने की बजाय एकतरफा ढंग से पूर्वाग्रह से लैस करे? वैज्ञानिकों के बीच आम राय यह है कि आशावाद की बदौलत अनुकूलन काफी ज्यादा होता है, अर्थात आशावाद किसी जीव की उत्तरजीविता को बढ़ाता है। कल्पना कीजिए कई हजार साल पहले कोई महिला जिस तरह रहती थी। मान लीजिए वह एक गुफा के अंदर रहती है और उस समय उस क्षेत्र में सूखा पड़ रहा है। अगर वह बाहर भोजन (कोई खरगा. `श या फल से लदी झाड़ी) मिलने की संभाविता निकालकर निर्णय करे, तो शायद ही भोजन की तलाश में बाहर जाए।

ऐसे में निष्क्रिय रहना उसके लिए सही चुनाव रहता, क्योंकि इससे यहां-वहां भटकने में खर्च होने वाली ऊर्जा बचती। दूसरी ओर, (कुछ-न-कुछ मिल जाने की) उम्मीद उसे भोजन की तलाश के लिए बाहर निकलने की हिम्मत दे सकती है। बाहर कुछ-न-कुछ भोजन मिल जाने की संभावना ज्यादा मानकर, उसके पास कोशिश करने की ज्यादा संभावना होगी। किसी एक तरफ यह थोड़ा अधिक झुकाव उसे कोशिश करने के लिए बढ़ावा देता है, जिससे उसके जीने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इसकी भी एक सीमा है कि आप कितने आशावादी होकर इससे फायदा उठा सकते हैं। फायदे के लिए जो तरीका सबसे अच्छा काम करता है वह है एक सामान्य सकारात्मक सोच रखना, जिसे आशावादी स्वभाव कहा जाता है। असल जिंदगी में कुछ बुरा होने पर किसी निराशावादी व्यक्ति की प्रतिक्रिया होगी मैं जानता था, ऐसा ही होगा, जबकि आशावादी लोग कहेंगे कल बेहतर होगा। वर्ष 2007 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार यह लचीलापन आशावादी पूर्वाग्रह ऑप्टिमिज्म बायस से बना रहता है, जो मस्तिष्क में सूचनाओं की प्रोसेसिंग में गैर-बराबरी का परिणाम है मस्तिष्क द्वारा अच्छी बातों को ज्यादा अहमियत दी जाती है और बुरी बातों को कम। मस्तिष्क के अग्र और मध्य भाग का एक क्षेत्र है रोस्ट्रल एंटीरियर सिंगुलेट कॉर्टेक्स ACC जब आशावादी लोग अच्छे और सुखद भविष्य की कल्पना करते हैं तब यह क्षेत्र बहुत सक्रिय होता है। इस हिस्से में अधिक सक्रिय न्यूरॉन अच्छी संभावनाओं की एन्कोडिंग को आसान बनाते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक जानकारियों पर rACC कम प्रतिक्रिया देता है, परिणामस्वरूप असफलताओं का व्यक्ति की भविष्य की उम्मीदों पर कम असर पड़ता है। रिवाइज्ड लाइफ ओरिएंटेशन टेस्ट एक छोटा-सा परीक्षण है जिसका इस्तेमाल यह मापने के लिए किया जाता है कि किसी व्यक्ति में आशावादिता है या नहीं। इसमें स्थिति आधारित 10 वक्तव्य होते हैं जिन्हें आपको 0 से 4 के बीच अंक देने होते हैं पूरी तरह असहमत के लिए 0 से पूरी तरह सहमत के लिए 4 तक। मसलन, ऐसे वक्तव्य होते हैं कठिन परिस्थितियों में, अमूमन मैं अच्छे की उम्मीद रखता हूं और यदि कुछ बुरा होना है, तो होकर रहेगा। जिन लोगों में आशावादिता अधिक होती है, उनका हृदय अधिक स्वस्थ पाया गया है। बुजुर्गों में, आशावादी स्वभाव को न्यूरॉन्स का सुरक्षा कवच माना जाता है, जो मस्तिष्क को बुढ़ापे की मार से बचाता है। वर्ष 2024 में एजिंग एंड डिसीज जर्नल में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ब्रेन-डेराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर का उच्च स्तर बुढ़ापे में लचीलापन बढ़ाता है। बुढ़ाने के कारण भले ही कुछ न्यूरॉन्स खत्म होते जाते हैं, लेकिन BDNF बचे हुए न्यूरॉन्स को ज्यादा असरदार तरीके से एक-दूसरे से जोड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति की इंद्रियां चाक-चौबंद रहती हैं और दिमाग समझदार बना रहता है।

-स्रोत फीचर्स
(डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन, सुशील चंदानी)

# दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि हमैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।



गुरुग्राम। हरियाणा में राज्य सरकार के खिलाफ अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित विरोध रैली के दौरान गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) के कर्मचारी बर्तन बजाते हुए।

## ईयू जल्द यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुकोस ने कहा कि हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने पहले कहा था कि यूक्रेन को इस कर्ज को तभी चुकाना होगा, जब उसे रूस से हर्जाने की रकम मिलेगी।

## एमवी होंडियस पर सवार अमेरिकी नागरिकों में से एक हंता वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** एमवी होंडियस क्रूज जहाज से स्वदेश लौटे 17 अमेरिकी नागरिकों में से कम से कम एक हंता वायरस से संक्रमित है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के 17 नागरिकों और यहां रहने वाले एक ब्रिटिश नागरिक को हंता वायरस संक्रमण की आशंका के बीच सोमवार तड़के विशेष निगरानी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के लिए नेब्रास्का लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस क्रूज जहाज पर सवार थे, जहां एंडीज वैरिएंट हंता वायरस संक्रमण का प्रकोप सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सामान्यत: कृन्तकों (रोडेंट्स) से फैलने वाला यह वायरस संभवत: जहाज पर मानव से मानव में भी फैला हो सकता है। अब तक जहाज से जुड़े तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

# ईरान के जवाबी प्रस्ताव को ट्रम्प ने पूरी तरह अस्वीकारा

### मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी: ट्रम्प

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के जवाबी प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया और उसकी प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' करार दिया है। ट्रम्प ने सोमवार को एक पोस्ट में लिखा कि मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी है।

मुझे यह पसंद नहीं आई-पूरी तरह अस्वीकार्य! यह फटकार ऐसे समय में आई है जब दोनों पक्ष (जो अप्रैल से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं) ईरान के परमाणु कार्यक्रम और किसी भी संभावित युद्धविराम समझौते की शर्तों पर

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता



एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से प्रस्तुत ईरान के जवाबी प्रस्ताव में कई व्यापक मांगें शामिल हैं जिनमे अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना, ईरान की जब्त संपत्तियों को मुक्त करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को औपचारिक मान्यता देना शामिल है। तेहरान ने अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल समाप्त करने और ईरानी क्षेत्र पर आगे कोई हमला न करने की गारंटी देने की भी मांग की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने 'फॉक्स न्यूज संडे' पर बोलते हुए कहा कि वाशिंगटन ने अपने प्रस्ताव में एक 'बहुत स्पष्ट लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इस रुख का नेतन्याहू ने भी समर्थन करते हुए कहा है कि संघर्ष की समाप्ति की घोषणा से पहले ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को 'नष्ट' किया जाना चाहिए।

# ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज

### अमेरिकी शांति प्रस्ताव का मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को दिए अपने जवाब में अमेरिकी शांति प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना होगा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने पहले बताया था कि अमेरिकी संदेश पर ईरान की प्रतिक्रिया युद्ध समाप्त करने और फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्ष समाधान के लिए अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की प्रतिक्रिया योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका को इस्लामिक गणराज्य को युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा। मई की शुरुआत में ईरानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14 सूत्री प्रस्ताव के संबंध में पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका से जवाब मिला है। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के प्रस्तावों का पाठ, जिसे तेहरान ने वाशिंगटन को भेजकर जवाब दिया था, में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण और विदेशों में ईरानी संपत्तियों को मुक्त



■ पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान का प्रस्ताव उदार और तार्किक

करने के प्रावधान शामिल हैं। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में बाद की बातचीत बेनतीजा रही, शत्रुता के फिर से शुरू होने की कोई खबर नहीं मिली, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। मध्यस्थ बातचीत के एक नए दौर का आयोजन करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं ईरान ने यह भी कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव 'उदार और तार्किक' था, जबकि अमेरिका अब भी इजरायल की सोच से प्रभावित 'अवास्तविक मांगों' पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गई, वह 'हद से ज्यादा' नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था। उन्होंने कहा कि हमने किसी प्रकार की रियायत की मांग नहीं की। हमने केवल ईरान के वैध अधिकारों की बात की है। बघाई ने सवाल किया कि क्या क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने, ईरानी जहाजों के खिलाफ 'समुद्री डकैती' रोकने तथा वर्षों से अवरुद्ध ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग अनुचित कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का हमारा प्रस्ताव अवास्तविक है? क्या पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करना गैर-जिम्मेदाराना है? इससे पूर्व, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा और उसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' पाया। ट्रम्प ने समाचार पोर्टल एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ईरान के जवाब पर बेंजमिन नेतन्याहू से भी चर्चा की है।

## होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** होर्मुज स्ट्रेट में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी। इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काजम गरीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक 'पूर्णत: रक्षात्मक' मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा। इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है।

## बिग कैट संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट सहयोग जरूरी: भूपेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। यादव ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तत्वाधान में आयोजित 'वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्योग और समाज का भविष्य तथा विजन फॉर इंडिया-100' सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि भारत एक और दो जून को पहले अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा है कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। उन्होंने उद्योग जगत से बिग कैट संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों बाघ, शेर, चीता, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

## चीनी तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की।

एजेंसी के बयान में कहा गया कि चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि यह प्रक्षेपण सफल रहा।

अंतरिक्ष यान में बाहरी अंतरिक्ष गतिविधि के लिए एक स्पेससूट, अंतरिक्ष यात्रियों के रहने के लिए आवश्यक सामग्री, ईंधन और प्रयोगात्मक उपकरण हैं। यह यान बाद में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। यह प्रक्षेपण चांग झेंग ('लॉन्ग मार्च') शृंखला के 641वें और तियांगोंग परियोजना के 39वें प्रक्षेपण का

■ लगभग 10 मिनट बाद तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया
■ स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ

प्रतीक है। चीन ने तियांगोंग राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण 29 अप्रैल 2021 को शुरू किया, जब तियान्हे मुख्य मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ। तियांगोंग स्टेशन की मौजूदा टी-आकार संरचना में तियान्हे मुख्य मॉड्यूल और इसके साथ जुड़े दो प्रयोगशाला मॉड्यूल, वेंतियान और मेंगतियान शामिल हैं। तीनों मॉड्यूल का संयुक्त वजन लगभग 69 टन है। स्टेशन का कुल आवासीय स्थल लगभग 110 घन मीटर है और इसमें एक समय में तीन अंतरिक्ष यात्री समायोजित कर सकता है या क्रू रोटेशन के दौरान छह लोग रह सकते हैं।

## चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैध: चीन

**बीजिंग।** चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को 'अवैध' एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गए एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि

■ जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है: गुओ

बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मजबूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है। इस समय सबसे जरूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाए।

# ईरान का क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन जारी: नेतन्याहू

### ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक 'खत्म नहीं होगा', जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' को दिए साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन



■ ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है

करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि अब भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी व्यावहारिक व्यवस्था के तहत संवर्धित यूरेनियम को वहां से से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कोई समझौता है और आप अंदर जाकर उसे बाहर निकाल लेते हैं, तो क्यों नहीं? यही सबसे अच्छा तरीका है। नेतन्याहू इस बात से सहमत हैं कि समझौता होना चाहिए, लेकिन परमाणु मुद्दा समझौता-योग्य नहीं है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका का रुख है कि किसी भी व्यापक शांति ढांचे के तहत ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से रोकना होगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में शांति प्रस्ताव पर ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया था। वहीं ईरान ने संवर्धन को पूरी तरह से रोकने की मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के तहत कुछ सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। नेतन्याहू ने एक संभावित दृष्टिकोण की रूपरेखा भी पेश की है। इसमें कूटनीति अगर विफल रहती है तो संवर्धित यूरेनियम को भौतिक रूप से हटाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने 'सैन्य विकल्पों' का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने सीमित अवधि के लिए संवर्धन स्थगित करने की इच्छा जताई है, हालांकि यह अमेरिका के प्रस्तावित 20 साल के प्रतिबंध की तुलना में कम अवधि के लिए है। साथ ही ईरान ने अपने परमाणु बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की बात को खारिज कर दिया है।

## टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में लगी आग

**काठमांडू।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)



## कुब्रा सैत ने फिल्म 'रेडी' से की बड़ी शुरुआत

**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत आज भले ही 'सैक्रेड गेम्स' में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में कुब्रा सैत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फिल्म 'रेडी' में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज़्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेजी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए।

### सीनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी डेलनाज ईरानी

**मुंबई।** अभिनेत्री डेलनाज ईरानी सोनी सब के शो यादें में अहम भूमिका निभाएगी। सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज ईरानी शो में खास भूमिका निभाने जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर डेलनाज ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। कभी लाखों लोगों की चहेती रही चांदनी आज भी अपने ग्लैमर, शोहरत और चाहने वालों की दुनिया में जीती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108